दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 281 | जयपुर | गुरुवार, 14 अगस्त, 2025 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-षष्ठी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संक्षिप्त समाचार

### जयपुर-पुणे फ्लाइट आखिरी समय में रद्द

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** स्पाइस जेट एयरलाइंस ने संचालन कारण की वजह से आखरी वक्त पर जयपुर से पुणे जाने वाली फ्लाइट को रद्द कर दिया। जिसकी वजह से 60 से ज्यादा पैसेंजर्स को जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होना पड़ा।

#### सुबह 5 बजकर 5 मिनट पर भरनी थी उड़ान

दरअसल, जयपुर से स्पाइसजेट एयरलाइंस की फ्लाइट एसजी- 1077 को सुबह 5 बजकर 5 मिनट पर पुणे के लिए उड़ान भरनी थी। जिसके लिए पैसेंजर्स सुबह 4 बजे ही एयरपोर्ट पहुंच गए थे। लेकिन स्पाइस जेट एयरलाइंस ने संचालन कारणों का हवाला देकर आखिरी वक्त पर फ्लाइट को रद्द कर दिया। जिसकी वजह से बड़ी संख्या में जयपुर एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में पैसेंजर्स को परेशान होना पड़ा।

### केजरीवाल-सिसोदिया की ईडी का केस रद्द करने की मांग

#### शराब घोटाले से जुड़ा मामला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया से जुड़ी शराब घोटाले की एक याचिका पर मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों नेताओं ने हाईकोर्ट में इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज केस को रद्द करने की मांग की। हाईकोर्ट ने कुछ दलीलें सुनने के बाद सुनवाई 12 नवंबर तक टाल दी। हाईकोर्ट में केजरीवाल और सिसोदिया ने इस दलील के साथ ईडी केस को रद्द करने की मांग की थी कि इस मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं ली गई थी। ईडी की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा, मंजूरी ली गई थी और इसे ट्रायल कोर्ट में पेश किया गया था। आम आदमी पार्टी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने एसवी राजू की दलील का खंडन करते हुए कहा, यह इस अदालत के समक्ष नहीं है। ईडी ने मंजूरी लिए बिना डिटेल जवाब दाखिल किया।

### कोर्ट ने जासूस को भेजा 2 दिन की रिमांड पर

#### ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी पाक को, डीआरडीओ में मैनेजर के पद पर तैनात था

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सीआईडी इंटेलिजेंस ने बुधवार को जैसलमेर डीआरडीओ गैस्ट हाउस के मैनेजर महेन्द्र को कोर्ट में पेश कर दो दिन का रिमांड मांगा। कोर्ट ने आरोपी महेन्द्र को 15 अगस्त तक रिमांड पर भेज दिया है। इस दौरान देश की सभी खुफिया एजेंसियां महेन्द्र से पाक जासूसों को भेजी गई जानकारी के सम्बन्ध में पूछताछ करेंगी। स्पेशल पीपी ब्रज कुमार ने बताया कि सीआईडी इंटेलिजेंस के पास ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इनपुट मिला की डीआरडीओ से कुछ जानकारी पाक के संदिग्ध नम्बरों पर भेजी जा रही है। इस पर इंटेलिजेंस की टीमें एक्टिव हुई और नम्बरों को सर्वलांस पर लेकर काम करने लगीं। आरोपी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डीआरडीओ में आने वाले वैज्ञानिकों की सभी जानकारी और ऑपरेशन से सम्बन्धित जानकारी पाक जासूसों के साथ साझा की। इस में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी क्या प्लानिंग हैं, कौन-कौन वैज्ञानिक दोनों देशों के बीच फैले तनाव के दौरान डीआरडीओ में आ रहे हैं।

### ऑल-टाइम हाई पर पहुंची चांदी, सोना महंगा : चांदी की कीमत 1100 रुपए बढ़कर अब 1.18 लाख

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में हो रहे बदलाव का असर कीमती धातुओं की कीमत पर नजर आ रहा है। बुधवार को एक बार फिर स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 300 रुपए की बढ़ोतरी हुई। जिसके बाद 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत बढ़ाकर एक लाख 2 हजार 600 रुपए पर पहुंच गई है। वहीं चांदी की कीमत में 1100 रुपए की तेजी आई है। जिसके बाद चांदी प्रति किलो की कीमत 1 लाख 18 हजार रुपए के ऑल टाइम हाई के शिखर पर पहुंच गई है। सर्राफा व्यापारी सुशील राजावत ने बताया- भारत में कीमती धातुओं में निवेश की पुरानी परंपरा है। ऐसे में दुनियाभर में जारी अस्थिरता के बाद सोने-चांदी की डिमांड काफी बढ़ गई थी। जिसकी वजह से एक बार फिर सोने-चांदी की कीमत में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हुआ है। यह बढ़ोतरी आने वाले दिनों में और ज्यादा देखने को मिल सकती है।

## वोटर-लिस्ट में गड़बड़ी का विरोध, जयपुर में कांग्रेस का पैदल-मार्च



## गहलोत ने कहा- मतदाता सूची में गड़बड़ी हो रही, इलेक्शन कमीशन जवाब नहीं दे रहा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने बुधवार को जयपुर में पैदल मार्च निकाला। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इसका नेतृत्व किया। मार्च दोपहर करीब 12 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से शुरू होकर शहीद स्मारक पर खत्म हुआ। यहां कार्यकर्ताओं ने वोट चोर, गद्दी छोड़ के नारे लगाए। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा- वोटर लिस्ट में गड़बड़ी हो रही है। इलेक्शन कमीशन जवाब नहीं दे रहा। यह इतिहास में पहली बार हो रहा है। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा- शक को दूर करने के लिए इलेक्शन कमीशन को कदम उठाना चाहिए। सरकार को आगे नहीं करना चाहिए। निर्वाचन आयोग खुद आगे आए और बताए कि कहां गड़बड़ी हुई है। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा बोले- पीएम नरेंद्र मोदी ने वोट की चोरी से सत्ता हासिल की है। ये दोधारी तलवार चला रहे हैं। एक तरफ एसआईआर के नाम से विपक्ष के वोट काटे जा रहे हैं, दूसरी तरफ बीजेपी के फर्जी वोटों को जुड़वाया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- भाजपा ने फर्जीवाड़ा किया है। इस फर्जीवाड़े को राहुल गांधी सामने लेकर आए हैं। चुनाव आयोग को इसके संबंध में जवाब देना चाहिए।

#### वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के विरोध में जिलेवार कैंडल मार्च निकालेंगे

वोटर लिस्ट में गड़बड़ी को लेकर जयपुर में कांग्रेस ने पीसीसी चीफ के नेतृत्व में पैदल मार्च निकाला। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बिहार या अन्य राज्यों में वोटर लिस्ट में जो गड़बड़ी की गई है, उस पर चुनाव आयोग पर्दा डालने का काम कर रहा है। इसको लेकर कांग्रेस अब हस्ताक्षर अभियान भी चलाएगी। जिलेवार कैंडल मार्च भी निकाला जाएगा।

#### जूली बोले- फर्जीवाड़े पर चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले- आपने देखा होगा। 65 लाख लोगों का वोट इन्होंने काट दिया। कोई वोट जोड़ा नहीं। एक घर में 100-100 लोग रह रहे हैं। एक नाम के कई व्यक्ति रहे हैं।



#### डोटासरा बोले- एसआईआर के नाम पर कांग्रेस के वोट काटे जा रहे

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा बोले- पीएम नरेंद्र मोदी ने सत्ता वोट की चोरी से हासिल की है। ये दो धारी तलवार चला रहे हैं। एक तरफ एसआईआर के नाम से विपक्ष के वोट काटे जा रहे हैं, दूसरी तरफ बीजेपी के फर्जी वोटों को जुड़वाया जा रहा है। राहुल गांधी ने इसे प्रमाणित कर दिया है। ये संविधान की हत्या है।

#### पायलट बोले- इलेक्शन कमीशन जवाब दे

सचिन पायलट बोले- शक को दूर करने के लिए इलेक्शन कमीशन को कदम उठाना चाहिए। सरकार को आगे नहीं करना चाहिए। निर्वाचन आयोग खुद आगे आए और बताए कि कहां गड़बड़ी हुई है।

## राजस्थान के दौसा में कंटेनर में घुसी पिकअप, 11 की मौत

### 10 से ज्यादा घायल, सभी यूपी के रहने वाले, खाटूश्याम से लौट रहे थे

बढ़ता राजस्थान

**दौसा (नि.स.)।** राजस्थान के दौसा में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप खड़े कंटेनर में घुस गई। एक्सीडेंट में 7 बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। सभी उत्तर प्रदेश के एटा और फिरोजाबाद के रहने वाले हैं। एक्सीडेंट बुधवार सुबह करीब 3.30 बजे नेशनल हाईवे-148 पर सैंथल थाना के बापी गांव में हुआ। एटा के जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह ने बताया कि असरौली (एटा) गांव से करीब 45 श्रद्धालु दो पिकअप में खाटूश्याम गए थे। वापसी में महिलाओं-बच्चों से भरी पिकअप का एक्सीडेंट हो गया।

#### 4 मृतकों की पहचान नहीं, एक मौत जयपुर में

शुरुआती जांच में सामने आया है कि जिस पिकअप का एक्सीडेंट हुआ है उसमें 22 से ज्यादा श्रद्धालु थे। इनमें 10 की मौत दौसा में हुई है। वहीं, एक गंभीर घायल ने जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में दम तोड़ा है। मृतकों में पूर्वी (3), प्रियंका (25), दक्ष (12), शीला (35), सीमा (25), अंशु (26) और सौरभ (35) हैं। 4 मृतकों की पहचान नहीं हुई है।

#### राजस्थान में हर साल सड़क हादसों में होती हैं 11 हजार मौत

देशभर में होने वाले सड़क हादसों में राजस्थान टॉप-6 राज्यों में शुमार है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साल 2022 तक डेटा के अनुसार रोड एक्सीडेंट में हर साल राजस्थान में 11 हजार लोगों की मौत हो रही है। फरवरी 2025 में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में एक सवाल के जवाब में देशभर में सड़क हादसों के डेटा की जानकारी दी थी। उन्होंने डेटा प्रजेंट करते हुए कहा था कि - सड़क दुर्घटनाओं को लेकर देश का रिकॉर्ड बहुत 'गंदा है. इस वजह से मुझे विश्व सम्मेलनों में मुंह छुपाना पड़ता है।



#### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक

राजस्थान के कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने बताया कि पिकअप सड़क किनारे खड़े कंटेनर में घुस गई थी। जहां एक्सीडेंट हुआ वो ब्लैकस्पॉट है। ये एरिया सरकार के भी संज्ञान में है। ऐसे और भी एरिया राजस्थान में चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि दौसा हॉस्पिटल में फिलहाल 4 घायल हैं। इनमें 2 पुरुष व 2 महिलाएं हैं। फिलहाल उनका इलाज जारी है। वहीं, हादसे को लेकर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है।

#### गडकरी ने कहा था

सड़क हादसे कम करने का लक्ष्य था, ये और बढ़ गए-लोकसभा में सड़क हादसों पर चर्चा के दौरान गडकरी ने कहा था कि स्वीडन रोड एक्सीडेंट को जीरो पर ले आया है और भी बहुत से देशों ने इसे कम किया है। मैं बहुत ट्रांसपेरेंट हूं इसलिए बता रहा हूं कि जब मैंने सड़क परिवहन मंत्रालय का जिम्मा संभाला था, तो मैंने 2024 तक सड़क हादसों और इससे होने वाले मौतों को 50% कम करने का लक्ष्य रखा था। एक्सीडेंट कम करना तो भूल जाइए, मुझे तो ये स्वीकार करने में भी कोई शर्म नहीं है कि ये बढ़ गए हैं।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा अभियान हेतु निकाली रैली

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** उपखंड आमेट के समीप गांव ढेलाणा में स्वतंत्रता दिवस से पूर्व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढेलाणा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली । यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश के वीर जवानों के सम्मान में आयोजित की । प्रधानाचार्य जगदीश नारायण मीणा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढेलाणा के रंग मंच से हरी झंडी दिखाकर यात्रा का श्री गणेश किया। यात्रा चक्की घर, कबूतर खाना ,ढेलाणा दरवाजा, चारभुजा मंदिर ,सुथारों का मौहल्ला, खेमजी के मकान से होती हुई, ब्राह्मण बस्ती , महाजन पोल से वापस राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढेलाणा स्कूल आकर एक सभा के रूप में परिवर्तित हुई। तिरंगा यात्रा में ढेलाणा स्कुल के 200 विद्यार्थी एवं नो स्टाफ के साथी,गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे । विद्यार्थी ने अपने हाथों में तिरंगे झंडे लेकर रखे थे, तथा भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय जवान- जय किसान, भारतीय सेवा जिंदाबाद, स्वतंत्रता दिवस जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे लगा रहे थे। हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की उद्देश्य से बुधवार को ढेलाणा में तिरंगा यात्रा निकाली। वरिष्ठ अध्यापिका संजू शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि तिरंगा हमारी आन बान और शान का प्रतीक है। इसकी रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है। संजू शर्मा ने आह्वान किया कि हर परिवार अपने-अपने घर पर तिरंगा फराह



कर राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें । शारीरिक शिक्षा शिक्षक मनोज कुमार शर्मा ने रैली में सहयोग करने हेतु जगदीश सिंह चुंडावत ,गजराज सिंह चारण ,मुकेश कुमार गूगड , नारायण लाल रेगर, गिरिराज प्रजापत एवं विद्यार्थी भाई बहिनों का आभार व्यक्त किया । यह जानकारी प्राचार्य जगदीश नारायण मीणा ने दी।इसी तरह केलवा मेरा युवा भारत राजसमंद एवं स्वच्छ केलवा हरित केलवा स्वामी विवेकानंद युवा मंडल की ओर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

युवा मंडल अध्यक्ष लालू राम सिंधल ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि सभी विद्यार्थीयों को नशे दूर रहना है,किसी को भी कोई नशा नहीं करना है। नशा करने से शारीरिक मानसिक एवं आर्थिक नुकसान होता है ।कार्यक्रम संयोजक कमलेश पालीवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।

प्रतियोगिता सीनियर एवं जूनियर वर्ग में कराई गई । जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्रवीण एवं पार्थ,द्वितीय स्थान सिद्धि एवं प्रतिभा एवं तृतीय स्थान सिमरन रैगर ने प्राप्त किया ।सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान सुमन कंवर डोडिया द्वितीय स्थान शानू कंवर एवं तृतीय स्थान शब्बेनूर मंसूरी ने प्राप्त किया ।

विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए गए । इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य मीनाक्षी पानेरी विजेश चारण मनोज आचार्य पोस्टर निर्णायक स्वेता आचार्य व स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल के समस्त स्टाफ व प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थि आदि उपस्थित थे ।

## भूरीभड़ाज में वित्तीय साक्षरता जन सुरक्षा शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत भूरीभड़ाज में मंगलवार को वित्तीय साक्षरता जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वित्तीय परामर्शदाता अमित यादव ने ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक किया और केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अमित यादव ने कहा कि वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ बैंकों के द्वारा दिया जा रहा है। आमजन को जागरूक होकर सरकारी लाभ लेना चाहिए। उन्होंने बैंकिंग संबंधी जानकारी एवं योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से समझाया और लाभ उठाने की अपील की। नाबार्ड बैंक से डीडीएम दीपक जाखड़ ने साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी होने से बचने के उपाय बताए।

उन्होंने कहा कि कभी भी अपना पासवर्ड, ओटीपी, सीवीसी, यूपीआई पिन आदि किसी के साथ शेयर नहीं किया जाना चाहिए। ठगी के शिकार होने पर राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत सूचित करना चाहिए। इस दौरान नाबार्ड बैंक से डीडीएम दीपक जाखड़, वित्तीय परामर्शदाता अमित यादव, एआरजी अशोक, कोऑपरेटिव बैंक मैनेजर नवरत्न, मुकेश स्वामी समेत ग्रामवासी मौजूद रहे। सभी ने ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता और साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

## शहरी क्षेत्र में किसानों पर थोपे जा रहे नए कृषि बिल का विरोध, एक्सईएन संजीव जाखड़ को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** एडवोकेट देवांश सिंह प्रागपुरा के तत्वावधान में किसानों ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता संजीव जाखड़ को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने शहरी क्षेत्र के किसानों पर थोपे जा रहे नए कृषि बिल का विरोध जताया है। एडवोकेट देवांश सिंह ने विरोध स्वरूप सवाल खड़े किये और पूछा कि वर्षों बाद अचानक यह कृषि बिल लाने की आवश्यकता क्यों पड़ी? उन्होंने शहरी और ग्रामीण किसानों के बीच भेदभाव को अनुचित बताया और कहा कि यह बिल किसानों के हित में नहीं है, इसका विरोध किया जाना चाहिए। समाजसेवी लक्की वर्मा ने बताया कि किसान, किसान होता है, क्षेत्र के आधार पर उनमें मतभेद करना न्यायोचित नहीं है। लक्की ने कहा की शहरी किसानों को कौन से अतिरिक्त लाभ मिलते हैं, जिनके बदले यह अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बिल किसानों के लिए हानिकारक है। ज्ञापन में कृषि बिल को तुरंत वापस लेने की मांग की गई और चेतावनी दी गई कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध करेंगे। इस दौरान एडवोकेट देवांश सिंह, समाजसेवी लक्की वर्मा, केवल सैनी, मनोज सैन, मोनू वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने कृषि बिल के विरोध में एकजुट होकर ज्ञापन सौंपा और सरकार से मांग की कि इस बिल को तुरंत वापस लिया जाए।

## पुलिस-पत्रकार सम्मान समारोह के बैनर का किया लोकार्पण




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्री रामचरित मानस समिति व बीईंग मानव सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 24 अगस्त को अशोका पैलेस के मधुश्री सभागार में आयोजित किये जाने वाले पुलिस-पत्रकार सम्मान समारोह के बैनर का आज जेएमबी सभागार में समाजसेवी मुकेश माधवानी,पं. सत्यनारायण चौबीसा,राकेश बजाज,धर्मेन्द्र बजाज ने लोकार्पण किया। समिति संस्थापक पं. सत्यनारायण चौबीसा ने बताया कि समाजहित में अच्छे कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व पत्रकारों का सम्मान किया जायेगा।

## दोस्त के साथ मिलकर की थी युवक की हत्या

### बहन के खिलाफ बोलने पर हुआ था विवाद, डेढ़ महीने बाद आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में खमनोर थाना सर्कल में हत्या के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया। इससे पूर्व पुलिस ने एक आरोपी को 10 अगस्त को गिरफ्तार कर लिया था, जिसके बाद दूसरे आरोपी को 12 अगस्त को गिरफ्तार कर आज नाथद्वारा न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।खमनोर पुलिस थाना इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह शक्तावत के अनुसार- थाना सर्कल में गत 25 मई को कालूलाल (30) पुत्र परथा भील निवासी नेड़च ने बरवालीया से नवाघर दाडमी जाने वाले रोड़ के पास झाड़ियों में अज्ञात युवक की लाश की सूचना मिली। जिसकी पहचान नहीं होने पर 29 मई को शव का पोस्टमॉर्टम कर अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने कालूलाल की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**गोगुंदा थाने में दर्ज हुई गुमशुदगी की रिपोर्ट**-इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि उदयपुर जिले के गोगुन्दा पुलिस थाने में 31 मई को हीरालाल भील की गुमशुदगी की रिपोर्ट हुई है, जो 23 मई को खुमाणपुरा गांव से गुम हुआ था और उसकी 25 मई को राजसमंद के खमनोर थाना सर्कल में लाश मिली थी। इसके बाद 2 जून को खमनोर में मिली लाश की पहचान हीरालाल के रूप में हुई।इस दौरान पुलिस को हिम्मत गमेती ने बताया कि हीरालाल की हत्या भगवती लाल पुत्र लक्ष्मण गमेती निवासी खुमाण पुरा ने अपने साथियों के साथ मिलकर हीरालाल की हत्या कर दी और लाश को कार में रखकर घटना स्थल से 15-17 किमी दूर जंगल में डाल दी।

## राजसमंद में 34 साल बाद बदलेगी स्वतंत्रता-दिवस समारोह की जगह

### सिविल लाइन ग्राउंड में होगा कार्यक्रम, स्टेडियम में कंस्ट्रक्शन की वजह से बदला स्थान

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में इस बार जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह बालकृष्ण स्टेडियम के बजाय महाराणा प्रताप उद्यान के पास सिविल लाइन ग्राउंड में होगा। जिला बनने के 34 वर्षों में पहली बार इस बार जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम बालकृष्ण स्टेडियम से बाहर आयोजित होगा। जब राजसमंद उदयपुर जिले का हिस्सा था, तब उपखंड स्तरीय कार्यक्रम पुरानी कलेक्ट्री परिसर में होते थे।

**34 साल में पहली बार नहीं होगा बालकृष्ण स्टेडियम में कार्यक्रम**

10 अप्रैल 1991 को राजसमंद जिला बनने के बाद, 15 अगस्त 1991 से अब तक स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम बालकृष्ण स्टेडियम में ही आयोजित होते आए हैं।यहां बने श्याम, किशन, मोहन पवेलियन और तीनों ओर दर्शकों की बैठक की व्यवस्था थी। लेकिन बरसात के दिनों में यहां पानी भरे रहने की समस्या रहती थी, जिस पर कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व यहां पर मिट्टी डाल कर सुखाया जाता है।

**सिविल लाइंस ग्राउंड में तैयारियां जारी**

इस बार बाल कृष्ण स्टेडियम में मरम्मत का कार्य चल रहा है और पूरा मैदान खुदा हुआ है। जिसके कारण इस बार यहां आयोजन नहीं हो सकता। प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए समारोह स्थल बदलने का निर्णय लिया है। इस बार जिला स्तरीय ध्वजारोहण और मुख्य कार्यक्रम महाराणा प्रताप गार्डन के पास स्थित सिविल लाइंस ग्राउंड में होगा। यहां मंच सजावट, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है।

## गुमनाम शहीदों की वीर गथा लिखी 21 हजार फीट पट्टिका का आमजन ने किया अवलोकन

### सभी के मुंह से वाह निकला

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( नि.स. )।** वृक्षम अमृतम संस्थान और के टी एस फाउंडेशन और शायराना परिवार की ओर से सोभागपुरा सर्किल के पास स्थित केटीएस फाउण्डेशन हॉल में गुमनाम शहीदों एवं शहीद की अनेक घटनाओं को 21 हजार फीट कपड़े पर उतारनें वाले शहर के जाने-मानें वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर मनोज आंचलिया एवं डॉ.सीमा वैद द्वारा तैयार की गयी पट्टिका का शहर के राजनेता, गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों लोगों ने अवलोकन किया। अवलोकन के बाद सभी के मुंह से वाह,अद्भुद निकला।

केटीएस फाउण्डेशन के निदेशक निशित चपलोत ने बताया कि प्रातः 10 से सांय 7 बजे तक आयोजित इस प्रदर्शनी का शहरवासियों ने 1857 की क्रान्ति से लेकर 1947 तक के आजादी के आन्दोलन की ज्ञान-अज्ञात घटनाओं की जानकारी ली। प्रारम्भ में राष्ट्रीय कवि प्रकाश नागौरी ने देशभक्ति पर छन्द, मुक्तक,गीत की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। मीडिया प्रभारी देवेन्द्र साहू ने बताया कि मनोज आंचलिया व डॉ. सीमा वैद ने हजारों गुमनाम शहीदों, स्वाधीनता सैनानियों के नाम पी.राघवन, बलवन्त शिरिषकर,हुकुमत रॉय,एकनाथ शिवराम, अरोड़ा पिरताब,वारेन्द्र कुमार घोष, हेमचन्द्र बनर्जी, विक्रम सोनार, लालमोहन घोष, जैसे शहीदों के बारें में बताया। सभी अतिथियों ने साटन के कपड़े के रोल पर एक एक शहीद का नाम लिखा। इस ऐतिहासिक समारोह में समाजसेवी सौरभ नेहा पालीवाल,धीरेन सच्चान,शिक्षाविद डॉ. प्रदीप कुमावत,स्वच्छ भारत मिशन,के संयोजक के.क.गुप्ता,सहकारिता प्रकोष्ट के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर,भाजपा जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़,पूर्व उप महापौर पारस सिंघवी पूर्व मेयर रजनी डांगी,महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता जोशी, आपदा राहत के प्रदेश संयोजक डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री,इरशाद चैनवाला,अशोक कोठारी, आलोक पगारिया मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन कल्पना आंचलिया ने किया।

## वार्षिक वृक्षारोपण कार्यक्रम में 5500 पौधे रोपें

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** माईनिंग इन्जिनियर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डियां, उदयपुर चेप्टर, खेतान बिजनेस कॉरपोरेशन प्रा. लि. नाथद्वारा, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, राजसमन्द, के संयुक्त तत्वाधान में कम्पनी की राबचा स्थित धनलक्ष्मी सोपस्टोन एवं डोलोमाईट माईन्स पर वार्षिक वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कम्पनी के द्वारा 5500 पौधो का रोपण किया गया।

कार्यक्रम में नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, उपखण्ड मजिस्ट्रेट नाथद्वारा श्रीमती रक्षा पारीक, अधीक्षण खनि अभियन्ता अनिल खिमेसरा, खनि अभियन्ता राजसमन्द प्रथम जिनेश हूमड, खनि अभियन्ता राजसमन्द द्वितीय ललित बाछरा, अधीक्षक खनि अभियंता, उदयपुर कमलेश्वर बारेगामा, व एमईएआई चेप्टर उदयपुर के सचिव एवं खनि अभियन्ता उदयपुर आसिफ एम अन्सारी व एमईएआई चेप्टर उदयपुर सरंक्षक,पूर्व अध्यक्ष आर पी गुप्ता एवं अरूण कुमार कोठारी अन्य वरिष्ठ सदस्य, अरावली मिनरल्स के मुख्य प्रबन्धक मांगीलाल लुणावत, सदस्य डॉ एस एस राठौड़, डॉ एस के वशिष्ट, आर के नलवाया, एम के मेहता, एस एम अहमद, एन




के कावड़िया, अशोक पालीवाल, के एल शर्मा, सी.बी.पुर्बिया सहित कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे एवं सरंपच लाल मादडी बलबीर सिंह बारहठ व कम्पनी की ओर से डायरेक्टर राजेन्द्र हरलालका, शालीन हरलालका एवं रोहित हरलालका उपस्थित रहें।

कम्पनी द्वारा वर्ष 2024 में किये गये 1800 फलदार पौधों के वृक्षारोपण का भी एमईएआई के सदस्यों एवं अतिथियों के द्वारा अवलोकन किया गया और अधिकतर पौधों को जीवित एवं उन पर फल देख कर सराहना की। कुल 5500 पौधों के खदान परिसर में रोपने के लक्ष्य को पूरा किया है।

इसके साथ ही कम्पनी ने वर्ष 2025 में राजस्थान राज्य प्रदुषण नियन्त्रण मंण्ड़ल राजसमन्द के निर्देशानुसार हरियालों राजस्थान अभियान की धारणा को परिपूर्ण करनें के लियें हमारी कम्पनी द्वारा वन विभाग की सरकारी पौधशाला पिपरड़ा, राजसमन्द सें आमजनों में वितरण हेतु 31,000 पौधों का भुगतान किया जाकर 31,000 पौधों नर्सरी में सरंक्षित करवायें गये जिनका वितरण राजस्थान राज्य प्रदुषण नियन्त्रण मंण्ड़ल राजसमन्द द्वारा आवश्यकता अनुसार किया गया है।

## ग्रामीण क्षेत्र में बस सेवा की मांग: जिला कलेक्टर के नाम एडीएम ओमप्रकाश सहारण को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बस सेवा शुरू करवाने की मांग को लेकर एडीएम ओमप्रकाश सहारण को जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी के नाम ज्ञापन दिया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने बताया कि पावटा से नारेहड़ा सड़क मार्ग होते हुए कोटपूतली तक पहले आठ-दस सरकारी व गैर-सरकारी बसों का संचालन होता था जो अब बन्द हो गया है। स्कूल, कॉलेजों में अध्ययन करने के लिये छात्र-छात्रायें व ग्रामीण कोटपूतली व पावटा आने में अत्यधिक परेशानियों का सामना करते है। छोटे व्हीकल्स मनमाने तरीके से किराया वसूलते हैं तथा सुरक्षा की दृष्टि से खतरा बना रहता हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आने-जाने में हो रही परेशानी के बारे में बताते हुए यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव सुभाष मेहारानिया द्वारिकपुरा ने कहा कि दाँतिल से दिल्ली तक सुबह 7ः15 बजे और शाम को कोटपूतली से 05ः15 बजे बस चलती है, लेकिन इसका भी समय निश्चित नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आने-जाने के लिए निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे छात्रों, बीमार व्यक्तियों और अन्य लोगों को परेशानी होती है। समाज सेवी राधेश्याम शुक्लाबास ने बताया कि पावटा से कोटपूतली वाया टोरडा, टसकोला, रामपुरा, दांतिल, द्वारिकपुरा, मीरापुर फार्म, बेरी बांध, शुक्लावास, खड़ब, नारेहड़ा होते हुए कोटपूतली व पावटा तक रोडवेज बस चलाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम एडीएम ओमप्रकाश सहारण को ज्ञापन दिया है। जिस पर एडीएम ने रोडवेज एमडी को पत्र लिखा तथा ग्रामीणों की मांग को वाजिब बताते हुए इस रूट पर बस संचालित करवाने का आश्वासन दिया।

## कुरैशी बने प्रदेश सहसचिव

**झुंझुनूं ( नि.स. )।** कुरैशी महासभा संस्थान राजस्थान ने अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन जयपुर में किया, जिसमें संगठन की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर झुंझुनूं के समाजसेवी जुबैर कुरैशी को कुरैशी महासभा राजस्थान का प्रदेश सहसचिव नियुक्त किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुरैशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक चूरू हाजी मकबूल मंड्रेलिया ने संगठन के उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के उत्थान, शिक्षा, और रोजगारोन्मुखी पहल को बढ़ावा देने पर जोर दिया। नई कार्यकारिणी में अन्य प्रमुख नियुक्तियों में साजिद सुलेमानी कुरैशी को प्रदेश सचिव और प्रदेश प्रवक्ता, तथा लक्ष्मणगढ़ नगर पालिका चेयरमैन मुस्तफा कुरैशी को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जुबैर कुरैशी, जो झुंझुनूं में अपने सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते हैं, ने अपनी नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा कि वे समाज के विकास और कुरैशी समुदाय की बेहतरी के लिए पूरे समर्पण के साथ कार्य करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगठन ने समाज में शिक्षा, व्यवसायिक विकास, और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



# मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक संपन्न, प्रशासनिक कार्यों में दक्षता

## पारदर्शिता और त्वरित निस्तारण पर जोर...

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बुधवार को ब्यावर में जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक से पूर्व उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया। साथ ही, हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता रैली और कलेक्ट्रेट परिसर में पौधारोपण किया।

मुख्य सचिव ने बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने अवैध खनन की स्थिति की समीक्षा करते हुए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। हर घर तिरंगा अभियान की प्रगति पर चर्चा करते हुए शपथ ग्रहण और वॉलंटियर्स की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

पंत ने ई-फाइल और संपर्क पोर्टल की गहन समीक्षा की। उन्होंने राजकाज एप्लीकेशन पर स्वयं लॉगिन कर अपनी इनबॉक्स और आउटबॉक्स की हजारों फाइलों को त्वरित निस्तारण के उदाहरण प्रस्तुत किए जिससे सभी अधिकारी प्रेरित हुए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी राजकाज ऐप डाउनलोड करें और कार्यालय समय के बाद भी आवश्यक फाइल निस्तारण करें, जिससे कार्यकुशलता और छवि दोनों में सुधार होगा। बैठक में राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत किए गए एमओयू के कार्यान्वयन पर विशेष चर्चा हुई। उन्होंने जिला प्रशासन, जिला उद्योग केंद्र और रीको को निवेश कार्यों में आक्रामक गति लाने, आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने और ई-फाइल व संपर्क पोर्टल में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने राजस्व संग्रहण, कानून-व्यवस्था, धार्मिक एवं सांप्रदायिक संवेदनशील आयोजनों, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, मादक पदार्थ तस्करी, अवैध खनन, और हर घर तिरंगा अभियान की प्रगति सहित विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।




## सावन उत्सव समारोह में अतिथियों को किया सम्मानित




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर में सावन के उल्लास और पारंपरिक संस्कृति को समर्पित सावन उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के कई जाने-माने अतिथियों को सम्मानित किया गया।

नृत्यम फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम आयोजिका काजल सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम में राजस्थान के डॉ. मनीषा सोलंकी (हनुमानगढ़), मनोज कुमार योगी, मधुर सैनी, शुभम शर्मा,सुमित कुमार टांक और डॉ. निर्मला यादव को संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने सावन के पारंपरिक महत्व पर विचार व्यक्त किए और संस्कृति को जीवंत बनाए रखने की दिशा में नृत्यम फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की।

## समग्र शिक्षा अभियान का सहायक अभियंता के लिए दलाल और सहायक लेखाधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जयपुर ग्रामीण टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए सीकर के अतिरिक्त जिला परियोजना समग्र शिक्षा अभियान के सहायक अभियंता खुमाराम के लिये उसके दलाल (प्राइवेट व्यक्ति) कमल कुमार कुमावत और साठ हजार रुपये एवं उसी कार्यालय के सहायक लेखाधिकारी-प्रथम रामचंद्र को भी चालीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। वहीं एसीबी की कार्रवाई की भनक लगने पर सहायक अभियंता खुमाराम फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी जयपुर ग्रामीण को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी फर्म द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवास सीकर में करवाये गये कमरों के निर्माण के बकाया बिलों की राशि करीब 27 लाख रूपये को पास करने की एवज में अतिरिक्त जिला परियोजना समग्र शिक्षा अभियान का सहायक अभियंता खुमाराम साठ हज़ार रूपये एवं सहायक लेखाधिकारी 45 हज़ार रुपये की मांग कर रहे है।

जिस पर एसीबी जयपुर ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिहाग ने ट्रेप की कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त जिला परियोजना समग्र शिक्षा अभियान सीकर के सहायक अभियंता खुमाराम के कहने पर उसके दलाल कमल (प्राइवेट व्यक्ति) को साठ हज़ार रूपये एवं सहायक लेखाधिकारी-प्रथम रामचंद्र को चालीस हज़ार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। वहीं सहायक अभियंता खुमाराम एसीबी की कार्रवाई की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है।

## शब्बीर कुरैशी मुहम्मदी जयपुर जिलाध्यक्ष मनोनीत

### कुरैशी महासभा की महत्वपूर्ण बैठक में लिए कई निर्णय



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कुरैशी महासभा राजस्थान की एक महत्वपूर्ण बैठक यहां पिंक सिटी प्रेस क्लब में आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर कई निर्णय लिए गए। वहीं महासभा में विभिन्न पदों पर वरिष्ठजनों का मनोनयन करते हुए उन्हें जिम्मेदारियां दी गई। इस कड़ी में जयपुर जिलाध्यक्ष पद पर जयपुर जामा मस्जिद इंतेजामिया कमेटी के सदर शब्बीर कुरैशी मुहम्मदी को जयपुर जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी के साथ ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के जयपुर सदर फसीउद्दीन कुरैशी को महासचिव एवं अ. रशीद कुरैशी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। शब्बीर कुरैशी मुहम्मदी को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर समाज के वरिष्ठजनों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभ कामनाएं दी। इसी के साथ उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संघर्ष के हमसफर बनने की हामी भरी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का विभिन्न लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत-सत्कार किया। वहीं शब्बीर कुरैशी मुहम्मदी ने उन्हें दी गई इस जिम्मेदारी के लिए उन्होंने कुरैशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हाजी मकबूल मंडेलिया, साजिद सुलेमानी, हाजी मुस्तफा कुरैशी, सोनू कुरैशी सहित बिरादरी के सभी वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया।

## 79वें स्वतंत्रता दिवस पर शहरभर में होगा ध्वजारोहण

### विभिन्न संस्थाओं और समितियों ने की तैयारियां, लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी जयपुर में विभिन्न संस्थाओं, समितियों और सामाजिक संगठनों द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में शहरवासियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर राष्ट्रीय पर्व की गरिमा बढ़ाने का आह्वान किया गया है। परमार्थ एवं आध्यात्मिक समिति (रजि.) जयपुर द्वारा परमार्थ भवन, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर में प्रातः 9.00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। राजस्थान आवासन मंडल कर्मचारी विकास समिति, प्रताप नगर, सामुदायिक केंद्र सेक्टर 11 में प्रातः 9.15 बजे ध्वजारोहण होगा। रेज़िडेंट वेलफेयर सोसायटी, सेक्टर-23, प्रताप नगर में स्थित पीपल वाला पार्क में प्रातः 9.30 बजे ध्वजारोहण का आयोजन होगा। विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद, जयपुर के संगम भवन में प्रातः 10.30 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन सभी आयोजनों में देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और बच्चों के विशेष कार्यक्रम भी शामिल होंगे। आयोजकों ने नागरिकों से अपील की है कि वे परिवार सहित कार्यक्रमों में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता और सम्मान का संदेश दें।

## सैनी समाज की कार्यकारिणी की बैठक : शपथ ग्रहण और विवाह सम्मेलन पर निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** सैनी सभा भवन नंबर 01 में सैनी सभा संस्था की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष रामसिंह सैनी ने की। इस बैठक में समाज के कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से कई अहम फैसले लिए गए।बैठक का मुख्य उद्देश्य शपथ ग्रहण समारोह और आगामी विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर विचार करना था। सदस्यों ने इन दोनों कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सहमति जताई। इसके अतिरिक्त, बैठक में यह भी बताया गया कि सैनी सभा भवन नंबर 01 में मरम्मत का काम तेज़ी से चल रहा है।समाज के सामाजिक मुद्दों और भविष्य की योजनाओं पर भी गहन चर्चा हुई। इसी क्रम में, यह निर्णय लिया गया कि जल्द ही समाज की एक जिला-स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें और भी व्यापक मुद्दों पर विचार किया जा सकेगा।इस बैठक में पूर्व अध्यक्ष राकेश सैनी, पूर्व उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी, एडवोकेट योगेश सैनी, प्रकाश तौंदवाल,रामकुमार सैनी,पूर्व पार्षद राजेंद्र सैनी, कृष्ण कारोड़िया, पत्रकार बिल्लूराम सैनी,ओमप्रकाश सैनी,उदय तौंदवाल,रामजीलाल सैनी, ललित कुमार सैनी, विक्की माली,दिनेश कुमार सैनी,राजेश सैनी, जयराम सैनी, पप्पूराम सैनी,राहुल सैनी,विशंभर सैनी, प्रीतम सैनी, सुगन चंद सैनी,अरुण कुमार सैनी,बिट्टू कुमार सैनी, और विजय सैनी सहित कई गणमान्य सदस्य मौजूद थे।

## दस बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियां ध्वस्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने सोमवार को जोन-13 और जोन-14 क्षेत्र में कुल 10 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही दो नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही सचिवालय नगर में 40 फीट सड़क सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-13 क्षेत्र में सीकर रोड स्थित ग्राम रामलियावाला, केरियर प्वाइंट स्कूल के सामने करीब 4 बीघा कृषि भूमि पर बिना स्वीकृति एवं भू-रूपांतरण के स्वीकृति विहार नाम से बसाई जा रही कॉलोनी में मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउंड्रीवाल और अन्य अवैध निर्माण जेसीबी मशीन व मजदूरों की मदद से ध्वस्त किए गए। वहीं, जोन-14 क्षेत्र में ग्राम कुम्हारियावास, पोद्दार कॉलेज से आगे, करीब 6 बीघा कृषि भूमि पर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें और अन्य अवैध निर्माण भी प्रवर्तन दस्ते ने हटाए। इसके अतिरिक्त सचिवालय नगर में एकमे होम के बीच 40 फीट सड़क सीमा पर अतिक्रमण कर बनाई गई दीवार को तोड़कर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय व चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 व 14, राजस्व व तकनीकी स्टाफ तथा लेबरगार्ड की टीमों ने कार्रवाई को अंजाम दिया। जेडीए प्रवर्तन प्रकोष्ठ के अनुसार, वर्ष 2024 में 383 और वर्ष 2025 में अब तक 254, इस प्रकार कुल 637 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया जा चुका है।

## शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु नया डिग्री पाठ्यक्रम प्रारंभ

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु नया डिग्री पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया हैं। प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से एईडीपी (अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम) के अंतर्गत बैंकिंग, फाईनेंशियल सर्विसेस एंड इंश्योरेंस (बीएफएसआई) विषय में डिग्री पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। यह पाठ्यक्रम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने हेतु प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें किसी भी संकाय (फैकेल्टी) के 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। पाठ्यक्रम की विशेषता यह है कि तृतीय वर्ष में अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम के अंतर्गत विद्यार्थियों को 09 हजार रूपये प्रतिमाह स्टाइपेंड प्रदान किया जायेगा। यह पूर्ण रूप से अलग डिग्री कार्यक्रम है जिसकी मान्यता अन्य डिग्री कार्यक्रमों के समकक्ष है। इच्छुक विधार्थी प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी व पंजीकरण हेतु डॉ. शोभा जौहरी, कपूर चंद वर्मा, देशराज यादव से संपर्क करें।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत 83 बटा. द्रुत कार्य बल की तिरंगा रैली, फ्लैग मार्च और ध्वजारोहण



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 83 बटा. द्रुत कार्य बल, लालवास ने बुधवार को तीसरे चरण की तिरंगा रैली व फ्लैग मार्च का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ 83 बटा. के कमांडेंट कुलदीप कुमार जैन के मार्गदर्शन में, द्वितीय कमान अधिकारी महेंद्र सिंह राठौड़ व विकेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान राजकीय उच्च विद्यालय, लालवास में फ्लैग मार्च, बच्चों से संवाद, झंडा वितरण और आरोहण किया गया। इसके बाद बल के जवान जीवन ज्योति वृद्धाश्रम, पशु हटवाड़ा (जमवारामगढ़ रोड) पहुंचे, जहां बुजुर्गों से मुलाकात कर हालचाल जाना और राष्ट्रीय ध्वज फहराया। देशभक्ति की भावना जगाने के लिए सभी को तिरंगे वितरित किए गए। अधिकारियों, जवानों और स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी में हाथों में तिरंगा लिए प्रतिभागियों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।



## हर घर तिरंगा अभियान : देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत, तिरंगा वॉलंटियर्स और सरकारी अधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में श्रमदान करके सफाई अभियान चलाया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण और एसडीएम बृजेश चौधरी ने कर्मचारियों के साथ मिलकर परिसर की सफाई की, जिसमें घास और कूड़ा-करकट हटाया गया।इस श्रमदान के माध्यम से, अधिकारियों ने देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश दिया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बताया कि श्रमदान से टीम भावना और सहयोग बढ़ता है, जबकि एसडीएम ने कहा कि इससे कार्यस्थल साफ और व्यवस्थित रहता है, जिससे कार्यक्षमता में सुधार होता है। उन्होंने यह भी बताया कि श्रमदान मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है और व्यक्ति में सेवा भाव विकसित करता है।यह कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, और इसके तहत जिले भर में सफाई, रंगोली, तिरंगा यात्रा और अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

## सेल्फ डिफेंस (आत्मरक्षा) कार्यशाला में ढाई सौ बच्चों ने प्राकृतिक सरल और तकनीकी से प्रशिक्षित सिखा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** रोटरी क्लब जयपुर की ओर से भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम प्रताप नगर में एक प्रभावशाली दो दिवसीय सेल्फ डिफेंस (आत्मरक्षा) कार्यशाला का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब जयपुर के अध्यक्ष रोटेरियन सी ए दुर्गेश पुरोहित ने बताया कि किस तरह रोटरी सेल्फ डिफेंस की चेयरपर्सन रो.डॉ. पल्लवी सिंघवी के द्वारा शिहान हेमंत कुमार, संदाई इंद्रा कुमारी, सेंसई सुन्दर लाल, सेंसई अभिषेक करडिया, सेंसई हनी गोस्वामी, सेंसई विकास जांगिड़, सेम्पई कुशल कुमार, सेम्पई तनिश जैनव, सेंसई दिनेश चौधरी, सेम्पई रिद्धिमा कुमारी, कोहाई इच्छा जांगिड़, कोहाई निधि, कोहाई नितिन, कोहाई वंश जैन और उनकी टीम के साथ मिलकर बच्चों को आत्मरक्षा की प्राकृतिक, सरल और तकनीकी विधियों से प्रशिक्षित किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य 250 विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के समग्र और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना था, जिससे वे किसी भी विषम परिस्थिति में स्वयं की रक्षा कर सकें और सुरक्षित घर लौट सकें। कार्यक्रम को विद्यालय की प्राचार्या अनुश्री शर्मा एवं मॉडरेटर अर्चना चतुर्वेदी द्वारा विशेष सराहना मिली। उन्होंने रोटरी क्लब से अनुरोध किया कि इस प्रकार की कार्यशाला को नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम के रूप में स्कूल की पाठ्यचर्या में शामिल किया जाए। यह कार्यशाला लड़कियों एवं लड़कों के लिए अत्यंत उपयोगी रही। जिन्होंने उत्साह के साथ भाग लेकर आत्मविश्वास में वृद्धि महसूस की। इस तरह की पहल से बच्चों में न केवल साहस का संचार होता है बल्कि सामाजिक सुरक्षा के प्रति सजगता भी विकसित होती है।

## लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु समाधान शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण इस माह के तृतीय शनिवार को विशेष समाधान शिविर का आयोजन करने जा रहा है। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि जेडीए की आनलाईन सेवाओं के ऐसे समयावधि पार प्रकरणों के त्वरित एवं उचित निस्तारण हेतु इस माह के तृतीय शनिवार 16 अगस्त को समाधान शिविर जेडीए परिसर स्थित नागरिक सेवा केंद्र में आयोजित होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय सीमा से पार लंबित प्रकरणों का मौके पर और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना है। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत, नागरिकों को निर्धारित समयावधि में सेवाएं उपलब्ध कराना प्राधिकरण की जिम्मेदारी है।

**कार्यालय राजधानी कृषि उपज मण्डी समिति, [अनाज] जयपुर**

क्रमांक :- 1234 - 49 दिनांक :- 11/08/2025

**निविदा सूचना/2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मण्डी समिति कार्यालय एवं मण्डी प्रांगण में उपयोग हेतु विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी सामग्री क्रय करने हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत फर्मों से दिनांक 19.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे तक निविदा के साथ संलग्न शिड्यूल ऑफ रेट्स में दरें अंकित करते हुए बन्द लिफाफें मे निविदायें आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को उसी दिन दोपहर 12:00 बजे उपस्थित निविदाताओं (यदि कोई उपस्थित हो) के समक्ष खोला जायेगा। निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार मण्डी समिति के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा से संबंधित समस्त जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय में कार्यालय में उपस्थित होकर या विभागीय वेबसाईट **agriculture.rajasthan.gov.in/mandi** या **sppp.rajasthan.gov.in** पर अवलोकन की जा सकती है। **UBN No. : DAM2526GSRC00604**

राज.संवाद/सी/25/8111 सचिव

## सम्पादकीय

# गाजा में दम तोड़ती इंसानियत और तमाशबीन दुनिया

'हम लगभग हर दिन उन फलस्तीनियों पर गोलियां चलने के मामले देख रहे हैं, जो भोजन की तलाश में सहायता केंद्रों तक पहुंचते हैं या वहां से लौटते हैं। कई बार ये गोलियां सहायता केंद्र के भीतर खड़े लोगों पर चलाई गईं, तो कई बार वे लोग निशाना बने, जो भोजन या आटे का बोरा लेकर अपने घर लौट रहे थे।' यह कहना है भुखमरी के बीच घेरे में फंसे गाजा के डॉक्टरों का। सवाल यह उठता है कि यह प्रक्रिया रुकेगी या गाजा के सर्वनाश तक जारी रहेगी? एक बात और, इजरायल को अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है, लेकिन क्या वह गाजा की महिलाओं और बच्चों को मारकर हासिल हो सकती है? अंतिम प्रश्न यह कि क्या दुनिया ने अपनी आंखें यह मानकर मूंद ली हैं कि सब कुछ ठीक चल रहा है या फिर उसकी आंखें खुली हैं और यह मान लिया गया है कि जंग में सब जायज है?

7 अक्तूबर, 2023 को हमास द्वारा इजरायल पर हमले के बाद चली कार्रवाई में हमास के तमाम बड़े नेता मारे जा चुके हैं और जो शेष हैं, वे केवल 10 से 15 प्रतिशत इलाकों तक सिमटे हुए हैं। हिजबुल्ला निष्क्रिय है और ईरान ने अपने पैर पीछे खींच लिए हैं। मगर जिन अंतरराष्ट्रीय संगठनों पर युद्ध रुकवाकर समाधान निकालने की जिम्मेदारी है, वे पंगु से दिख रहे हैं। जो देश स्वयं को मानवाधिकारों के मसीहा कहते हैं, वे इजरायल की ही मदद कर रहे हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मानें, तो अक्तूबर 2023 में युद्ध शुरू होने के बाद से 60,839 लोग मारे जा चुके हैं और 72,500 से ज्यादा घायल हुए हैं। इन कार्रवाइयों में गाजा की 60 प्रतिशत से अधिक इमारतें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं और करीब 20 लाख लोग बेघर हुए हैं, जिनमें से अधिकांश गाजा पट्टी के केंद्रों में ठूंस-ठूंसकर रखे गए हैं। इजरायल अब गाजा में संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित व्यवस्था को भी दरकिनार कर रहा है। वह चाहता है कि आपूर्ति के लिए एक कॉरिडोर बने, जिससे संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित व्यवस्था का लाभ हमास न उठा सके। यद्यपि संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के उप महासचिव मार्टिन ग्रिफिथ्स ने चेतावनी दी है कि यह योजना गाजा में पहले से ही गंभीर मानवीय संकट को और गहरा कर देगी। इजरायल अभी विराम लगाने की मन:स्थिति में नहीं दिख रहा। वह गाजा का अस्तित्व फलस्तीन के रूप में समाप्त करना चाहता है। यही वजह है कि उसके रक्षा मंत्री काट्ज ने गाजा के नागरिकों को एक 'ह्यूमैनिटेरियन सिटी' तक सीमित करने की योजना बनाई है। यह सिटी गाजा के दक्षिणी राफाह के खंडहरों पर बसेगी, जिसमें शुरू में लगभग छह लाख बेघर हुए फलस्तीनियों को स्थानांतरित किया जाएगा, तत्पश्चात 20 लाख लोगों को। इसके पीछे इजरायल का मकसद है, 'हमास सदस्यों' को गाजा के लोगों से दूर रखना। इस सिटी के संचालन का दायित्व अंतरराष्ट्रीय संगठनों का होगा, लेकिन नियंत्रण इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) का। इस योजना के खिलाफ 16 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कनूनविदों ने पत्र लिखा है, जिसमें इसे 'स्पष्ट रूप से अवैध' बताया है। उनके अनुसार, यह नस्लीय विनाश का एक तरीका है। गाजा में मरने वालों में पत्रकारों के नाम भी शामिल हो गए हैं। बीते रविवार की रात गाजा शहर में इजरायली हमले में अल जजीरा के पत्रकारों की मौत हो गयी। अल जजीरा के अनुसार, मारे गए पांच पत्रकारों में से चार उसके नेटवर्क से जुड़े थे। लेकिन इजरायली सेना ने अल जजीरा के पत्रकार अनस अल-शरीफ को 'हमास का आतंकी' बता दिया। सच क्या है, यह कहना मुश्किल है। उधर 'कमेटी टु प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स' का कहना है कि इजरायल यह सब योजनाबद्ध तरीके से कर रहा है, ताकि 'गाजा में भुखमरी' की कवरेज न हो सके।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
हर काम में यश प्राप्त होने का योग बन रहा है। हालांकि खर्च की मात्रा अधिक रहने की आशंका है। आज रचनात्मकता और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ है। अपनी रचनात्मकता से सभी को प्रभावित कर सकते हैं।

### वृष
किसी धार्मिक स्थल या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। शारीरिक रूप से अस्वस्थ रहने तथा कार्य सफलता प्राप्त करने में विलंब होने से आपको निराशा हो सकती है। आज किसी नए काम का आरंभ न करें।

### मिथुन
मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी। आज आपको धार्मिक प्रवास से मानसिक खुशी मिलेगी। संबंधों में हो रही भावना आपके मन को द्रवित कर देगी। परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण न हो, इसके लिए वाणी पर संयम रखें। अन्य लोगों के साथ

### कर्क
आज कार्यभार की अधिकता के कारण शिथिलता रहेगी। योग, ध्यान और आध्यात्मिकता का सहारा लेकर मन की शांति पर ध्यान दें। आज का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेग। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे। व्यवहार को भी संयमित रखें।

### सिंह
आज आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। आज के दिन निर्धारित किए हुए कार्य पूरे होंगे। भाग्य आपका साथ देगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता आपको प्रसन्न रखेगी। किसी यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### कन्या
डुव्यवसाय में आज का दिन लाभदायी रहने की संभावना है। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग भी प्राप्त होगा। आज के दिन मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थता का अनुभव होगा। आपको विरोधियों पर विजय मिलेगी। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### तुला
आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं। शारीरिक ताजगी का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। पत्नी के साथ कलह का प्रसंग बन सकता है, जिससे मन विचलित रहेगा।

### वृश्चिक
विद्यार्थी अभ्यास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी, जिससे मन बेहद खुश रहेगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहने की उम्मीद है। मानसिक एकाग्रता के लिए अपने गुस्से पर संयम रखें।

### धनु
माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति के कामों में सावधानी बरतें। आज का दिन आनंद में गुजरेगा। विरोधियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। स्वजनों के साथ भी आज भेंट होगी।

### मकर
आपके व्यवहार से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। व्यवहार को भी संयमित रखें। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन ग्लानि से भरा रहेगा। विद्यार्थियों को विद्याप्राप्ति में अवरोध उत्पन्न हो सकता है।

### कुंभ
मित्रों और परिजनों के साथ प्रवास या पर्यटन स्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का स्वाद ले सकेंगे। आज आपको वाहन सुख भी मिलेगा। आपके मान-सम्मान और लोकप्रियता में वृद्धि होने के संकेत हैं।

### मीन
आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की सलाह दी जाती है। अत्यधिक क्रोध के कारण आपके काम और संबंधों के बिगड़ने की आशंका है। मानसिक रूप से व्यग्रता और बेचैनी के कारण किसी काम में आपका मन नहीं लगेगा।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 14 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- जर्मनी के कोलोन कैथेड्रल का आग में नष्ट हो जाने के बाद 1248 में पुनर्निर्माण शुरू हुआ।
- अमेरिका और ट्यूनिस के बीच 1805 में एक शांति संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
- अमेरिका के ओरेगन क्षेत्र की स्थापना 1848 में हुई।
- बंबई उच्च न्यायालय की स्थापना 1862 में की गयी।
- बिजली के मीटर का पेटेंट ओलिवर बी शैलेनबर्गर को 1888 में दिया गया।
- इंग्लैंड के फोकेस्टोन में पहली सौंदर्य प्रतियोगिता 1908 में आयोजित की गयी।
- चीन ने 1917 में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी और ऑस्ट्रिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- बेल्जियम के एंटवर्प में 1920 को ओलंपिक खेलों की शुरूआत हुयी।
- अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट ने 1935 में सामाजिक सुरक्षा अधिनियम पर हस्ताक्षर कि।
- बर्लिन में 1936 को पहला ओलम्पिक बास्केटबॉल खेल हुआ।
- बीबीसी की पहली फीचर फिल्म (स्टूडेंट ऑफ प्राग) टेलीविजन पर 1938 में प्रसारित हुई।
- पोलैंड पर नाजी जर्मनी के आक्रमण के साथ ही आरंभ होने वाला यह विश्व युद्ध जापान में 1939 को समाप्त हो गया।
- ब्रितानी प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल और अमरीकी राष्ट्रपति फ़्रैंकलिन रूज़वेल्ट के बीच 1941 में कई दिनों तक चलने वाली एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई।
- दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जापान, घटक देशों के सामने हथियार डालने पर 1945 को विवश हुआ।
- पाकिस्तान का स्वाधिनता दिवस। सत्ता का हस्तांतरण ठीक मध्यरात्री को हुआ था पर पाकिस्तान अपना कौमी दिवस 14 अगस्त को मनाता है जबकी भारत अपना स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 1947 को मनाता है।
- मुहम्मद अली जिन्ना 1945 में पाकिस्तान के पहले गवर्नर जनरल बने।
- भारत का विभाजन 1947 को हुआ और पाकिस्तान पृथक् राष्ट्र बना।
- मोरारजी देसाई 1968 को पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान-ए-पाकिस्तान से सम्मानित किए गए।
- बहरीन को 1971 में 110 वर्ष के बाद ब्रिटिश शासन से आजादी मिली।
- पाकिस्तानी सेना ने 1975 में राष्ट्रपति मुजीब उर-रहमान का तख्तापलट किया।
- आज ही के दिन लेख वलेंसा के नेतृत्व में ग्दांस्क शिपयार्ड में मजदूरों ने 1980 में हड़ताल की। कम्युनिस्ट प्रभाव से पोलैंड की मुक्ति में आज का दिन अहम है।
- मेसेडोनिया सरकार व अल्बानियाई विद्रोहियों में 2001 को समझौता, आयरिश रिपब्लिकन आर्मी द्वारा निशस्त्रीकरण से इन्कार।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ ने 2002 में कश्मीर के चुनावों को ढोंग करार दिया।
- पूर्वी अमेरिका और कनाडा में 2003 को लंबे समय के लिए बिजली की सप्लाई नहीं रही जिसका असर न्यूयॉर्क और औटवा जैसे बड़े शहरों पर भी पड़ा।
- संयुक्त राष्ट्र की पहल पर इस्त्रायल और दक्षिणी लेबनान में पांच सप्ताह से जारी संघर्ष 2006 में थमा।

## विशेष आलेख

# क्या पाकिस्तान बलूचिस्तान को 'आयल वॉर' का मैदान बना रहा है ?



रामस्वरूप रावतसरे

**अमेरिका ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और उससे जुड़ी मजीद ब्रिगेड को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। इससे पहले पाकिस्तान के तेल भंडार को विकसित करने के लिए अमेरिका पहले ही समझौता कर चुका है। बलूचिस्तान में पाकिस्तान का तेल और गैस भंडार है जिसका नए सिरे से दोहन करने की तैयारी बताई जा रही है। बीएलए अपने इस इलाके के आर्थिक शोषण का लम्बे समय से विरोध करता रहा है।**

अमेरिका ने पाकिस्तान की मुराद पूरी कर दी है। उसने बलूच लिबरेशन आर्मी यानी बीएलए और मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। इसकी घोषणा 11 अगस्त 2025 को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने की। अमेरिका अब इन संगठनों की हर एक्टिविटी पर प्रतिबंध लगा देगा। अमेरिका स्थित संगठन के सदस्यों की संपत्तियों को जब्त कर सकता है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, ये कदम आतंकवाद पर अमेरिकी सख्ती को दिखाता है। दरअसल बलूच विद्रोहियों पर एक्शन लेने की माँग पाक आर्मी चीफ ने विश्वसमुदाय से की थी। अमेरिकी आतंकवाद के टैग को खारिज करते हुए बलूच समूहों ने इसे आत्मनिर्णय की लड़ाई बताया है, क्योंकि ट्रम्प के पाकिस्तान तेल समझौते से इस क्षेत्र में अमेरिका की और अधिक भागीदारी की आशंका बढ़ गई है, जो पहले से ही संसाधन दोहन और राजनीतिक अशांति से ग्रस्त है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में पाकिस्तान के 'तेल भंडार' को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए इस्लामाबाद के साथ एक नए व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह घोषणा भारतीय आयातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त दंड के पहले दौर की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि ट्रंप ने दावा किया कि किसी दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेच सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा, हमने अभी-अभी पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत पाकिस्तान और अमेरिका अपने विशाल तेल भंडार को विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। कौन जाने, शायद वे किसी दिन भारत को भी तेल बेचेंगे!

बलूचिस्तान वो इलाका है जो पाकिस्तान को ईरान और अफगानिस्तान से जोड़ता है। बलूचिस्तान को अलग देश बनाने की माँग होती रही है/ हो रही है। ये पाकिस्तान का सबसे बड़ा हिस्सा है। पाकिस्तान ने बलूचियों के साथ काफी दुर्व्यवहार किया जाता रहा है। पाकिस्तानी फौज की दमनकारी नीति, आर्थिक और सामाजिक शोषण की वजह से बलूचिस्तानी की आजादी की माँग को लेकर बलूच लिबरेशन आर्मी का गठन किया गया। इससे जुड़ा माजिद ब्रिगेड भी है। 1948 में पाकिस्तान ने इस प्रांत को जबरन अपने में मिला लिया था। ये पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, लेकिन आबादी सबसे कम है। 2023 की जनगणना के मुताबिक पाकिस्तान की आबादी करीब 24 करोड़ है, लेकिन बलुचिस्तान की आबादी मात्र 1.5 करोड़ है।

बलूच 1948 से ही पाकिस्तान से आजादी की माँग करते आ रहे हैं। उनके राजा को धोखा देकर पाकिस्तान ने इलाके पर कब्जा किया था। दरअसल जब भारत का बँटवारा हुआ और प्रांतों को भारत या पाकिस्तान या फिर आजाद रहने का विकल्प दिया गया तो बलूचिस्तान ने फैसला नहीं लिया था कि उसे किसके साथ जाना है या अलग मुल्क बन कर रहना है। इसी स्थिति का फायदा उठाकर पाकिस्तान ने राजा अहमद यार खान को मजबूर किया कि वह पाकिस्तान में अपने 'रियासत कलात' का विलय कर दें। हालाँकि इसके खिलाफ पहला विद्रोह 1948 में ही हो गया था।

बलूचियों की माने तो पाकिस्तानी सरकार ने अब तक सिर्फ इस प्रांत को लूटा है और स्थानीय लोगों की उपेक्षा की है। मिनरल्स से भरपूर इस प्रांत में कोयला,सोना, तांबा, गैस की बहुतायत है। फिर भी पाकिस्तान जैसे भिखारी देश का ये सबसे गरीब इलाका है। आज भी पाकिस्तान का सबसे बड़ा बंदरगाह ग्वादर इसी क्षेत्र में है। ये चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा यानी सीपीईसी के लिए काफी अहम है।

बलूचिस्तान के सुई इलाके में 1950 के ही दशक में गैस का पता चला था। इस गैस की लूट मचा दी गई। पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में इस गैस की सप्लाई नहीं दी बल्कि पंजाब और सिंध तक पहुँचाई। यहाँ तक कि 1990 का दशक आते-आते यह गैस लगभग खत्म हो गई। इसके बाद पाकिस्तान के हुक्मरानों ने बलूचिस्तान में जमीन बेच दी। वर्तमान में बलूचिस्तान का ग्वादर बंदरगाह और एयरपोर्ट चीन के अधीन है। स्थानीय लोग इसका विरोध करते हैं। बलूचिस्तान में अयस्क और खनिज भरे हुए हैं। पाकिस्तान ने यह भी चीन को लगभग बेच दिए हैं। इससे भी बलोच लोगों में गुस्सा है। बलूचिस्तान में स्कूल, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाएँ भी पाकिस्तान ने नहीं पहुँचाई हैं। ऐसे में विद्रोह के लिए लोग मजबूर हो रहे हैं। बलोच महिलाएँ भी इस विद्रोह में शामिल हैं। इन महिलाओं को पाकिस्तानी फौज ने अत्याचार का शिकार बनाया है।

पाकिस्तान द्वार कब्जा कर लिए जाने के बाद से ही बलुचि अलग राष्ट्र की स्थापना के लिए संघर्षरत रहे हैं। इनका कहना है कि प्रांत के संसाधनों का बड़ा हिस्सा उनके प्रांत के काम आना चाहिए। 2000 के दशक में बलूचिस्तान की आजादी की माँग को लेकर बीएलए यानी बलूच लिबरेशन आर्मी की स्थापना की गई। बलूच राष्ट्रवादी नेता नवाब खैर बख्श मर्री के बेटे बलाच मर्री ने इसकी स्थापना की।

बलूचिस्तान में विद्रोह को दबाने के लिए पाकिस्तानी फौज ने प्रदर्शन करने वाले निर्दोष बलूचों पर हवाई हमले किए। उनपर गोलियाँ बरसाईं। 2006 में बलूच के बड़े नेता नवाब अकबर बुगती की हत्या पाकिस्तानी फौजी शासक परवेज मुशर्रफने करवा दी।

# स्वर्णिम स्वतंत्रता : युवा आत्मनिर्भर भारत का 79वाँ पड़ाव

## युवा भारत की त्वरा

### आत्मनिर्भरता से महाशक्ति की ओर



डॉ नयन प्रकाश गांधी

**प्रधानमंत्री मोदी का 'यह भारत का समय है' का स्पष्ट संदेश आज युवाओं में आशा, किसानों में संबल, और देश के समाज में व्यापक जागृति का स्त्रोत बन चुका है। भारत अब दबाव नहीं, बल्कि भागीदारी चाहता है—नवोन्मेष, समावेशिता और दूरदर्शी नेतृत्व की ताकत पर सवार यह राष्ट्र आने वाली सदी को अपने नाम करने के लिए तैयार है, और यही युवा भारत की सबसे बड़ी उपलब्धि है।**

भारत अपनी आर्थिक प्रगति, नवाचार और युवा शक्ति की अनूठी ऊर्जावान तस्वीर के साथ 15 अगस्त 2025 को अपना 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। यह पर्व सिर्फ एक ऐतिहासिक स्मरण नहीं, बल्कि देश के आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व की ओर कदम बढ़ाने की अभूतपूर्व कहानी है। 1947 में हासिल स्वतंत्रता के बाद पहली बार मनाए गए स्वतंत्रता दिवस से लेकर आज तक, हर वर्ष की यह सलामी हमें न केवल आज़ादी के महानतम संघर्ष की याद दिलाती है, बल्कि नए भारत के निर्माण में हमारे दायित्वों की भी स्मृति कराती है।

आज जब देश 79वें स्वतंत्रता दिवस के रंग में डूबा है, हर गली-चौराहा तिरंगे की आन-बान और देशभक्ति के गीतों से चमक रहा है, तो यह गर्व का क्षण है कि अब भारत आत्मनिर्भरता, नवाचार और प्रगतिशील लोकतंत्र की मिसाल बन चुका है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा अनुमानित 2025-26 की 6.4 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर, लगातार डिजिटल क्रांति, बुनियादी ढाँचे का



विस्तार और सामाजिक समावेशन, सब मिलकर देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर कर रहे हैं। आज एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) मंच पर हर माह 12 अरब से अधिक डिजिटल लेन-देन, 'मेक इन इंडिया' की वैश्विक पहचान, और महिलाओं, किसानों व युवाओं के लिए दर्जनों योजनाएँ — ये सब मिलकर भारत की लोकतांत्रिक ताकत और सामाजिक समरसता की गवाही देते हैं।

79वें स्वतंत्रता दिवस पर जब देशवासी तिरंगे को सलामी देते हैं, तो यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उन करोड़ों सपनों, संघर्षों और विश्वासों की गूंज है जो भारत को नया भविष्य देने की ओर बढ़ती जा रही है। स्वराज अब केवल राजनैतिक आज़ादी का शब्द नहीं, बल्कि हर नागरिक की आत्मनिर्भरता और नवोन्मेष की आकांक्षा बन चुका है। यही कारण है कि आज का युवा भारत न केवल अपने लिए, बल्कि समूची दुनिया के लिए उम्मीद, साझेदारी और स्थिरता का केंद्र बन गया है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



गौरी शंकर विजय
(पूर्व पार्षद व समाजसेवी)

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं पूर्व पार्षद और समाजसेवी गौरी शंकर विजय। स्वर्गीय जगदीश प्रसाद गुप्ता के यहां अलवर में 29 नवंबर सन 1975 को एक बालक का जन्म हुआ नाम रखा गौरीशंकर। शुरू से ही गौरी शंकर समाज सेवा में अग्रणी रहे लोगों की सेवा में अपना पूरा समय लगने वाले गौरी शंकर ने 2004 में नगर परिषद वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ा। जनता ने सिरमौर किया और 2004 से 2009 तक वार्ड पार्षद रहे। 21 बार रक्तदान कर लोगों की जान बचाई , 60 से अधिक गरीब बच्चियों की शादी करवाई, शहीद स्मारक पर विकास कार्य करवाए । जिला कलेक्टर तत्कालीन राजीव सिंह ठाकुर से 10 लख रुपए और तत्कालीन जिला कलेक्टर भास्कर ए सावंत से 29 लख रुपए के अनेकों विकास कार्य करवाए। मूसी महारानी की छतरी पर लाइट लगवाई ,महिला चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं को बैठने की व्यवस्था के लिए बेंच लगवाई , लादिया मोहल्ले में जीएसएस बनवाया लादिया ग्राउंड में बच्चों के खेलने के लिए पार्क बनवाया और सन 2016 से देश को आजाद करने में अपनी जान न्योछावर करने वाले सैनिकों के लिए 2016 से शहीद स्मारक पर हर 15 अगस्त की संध्या पर स्वतंत्रता गौरव उत्सव आयोजित कर रहे हैं जो अनवरत जारी है। अपनी पूरी टीम के साथ सिर्फ इस उद्देश्य से कि युवाओं में और बच्चों में देशभक्ति का जज्बा पैदा हो। बहुत सराहनीय प्रयास कर रहे हैं गौरीशंकर विजय। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। - रुपक शर्मा

## Today
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | | | 2 | |
| | 7 | | | | 6 | | | 5 |
| | | | 4 | 7 | | | 9 | |
| 4 | | | 5 | | | | | |
| | | | | | | | 8 | 7 |
| 6 | | | 1 | | | | | |
| | 3 | | 6 | 8 | | 4 | | 9 |
| 5 | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | 3 | |

### Ans...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 |
| 4 | 2 | 7 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 8 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 1 | 3 | 2 | 6 | 8 | 5 | 4 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 9 | 5 | 3 | 8 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली भव्य विशाल तिरंगा रैली



बढ़ता राजस्थान

**निवाई, ( निर्भय मीना )।** आजादी के अमृत महोत्सव एवं घर-घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई के विद्यार्थियों ने विद्यालय के शिक्षकों के साथ तिरंगा रैली निकाली। सुबह से ही विद्यालय का आंगन देश भक्ति गीतों के रंग में रंगा नजर आया।

प्रधानाचार्य कुम्भाराम चौधरी व रमेश चंद मीना बताया कि सर्वप्रथम समस्त स्टाफ के साथ विद्यार्थियों को तिरंगा प्रतिज्ञा दिलाई एवं हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की। तिरंगा रैली विद्यालय से शुरू होकर मुख्य मार्गो से गुजरती हुई राजकीय औद्योगिक संस्थान के सामने से होकर राजकीय कन्या महाविद्यालय के खेल मैदान से होते हुए विद्यालय में आकर समाप्त हुई। रैली में कक्षा 1 से 12 तक के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रैली के साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा । प्रधानाचार्य ने तिरंगे के रंगों का महत्व बताया उन्होंने कहा कि केसरिया रंग बलिदान और साहस एवं सफेद रंग शांति और सत्य तथा पवित्रता और हरा रंग समृद्धि, कृषि एवं खुशहाली का प्रतीक है एवं विकास का संकेत देता है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जागृत होती है।

# रिजर्व कोच में अनरिजर्व्ड यात्री बढ़ा रहे परेशानी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** कोटा रेल यात्रा में पहले तो कंफर्म टिकट मिलना ही मुश्किल होता है, इसके बावजूद जो लोग समय से टिकट कर लेते हैं या फिर तत्काल में भी टिकट लेते हैं, उनको ट्रेनों में सीट पाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है. ये हालत अप-डाउनर के चलते भी बिगड़ जाते हैं. इसके अलावा त्योहारी सीजन में भीड़ बढ़ जाने के चलते भी समस्या खड़ी हो जाती है. कोटा रेल मंडल में ऐसे ही लगभग डेढ़ दर्जन शिकायतें रोज मिल रही हैं. साल की यह करीब 6000 के आसपास शिकायतें आ रही हैं. यह शिकायत ज्यादातर कोटा रेल मंडल में सुबह और शाम के समय रेल मदद ऐप पर लगातार फोन या सोशल मीडिया के जरिए मिलती है, जिनसे रेल मदद के जरिए डील किया जा रहा है!

### इस रूट पर ज्यादा समस्या

ज्यादातर असुविधा दिल्ली से मथुरा, जयपुर से सवाई माधोपुर और भवानी मंडी से कोटा के बीच आते और जाते समय हो रही है. यह समस्या सोमवार, शुक्रवार और शनिवार के दिन और बढ़ जाती है. इसके साथ ही छुट्टी आने पर भी यात्रियों को परेशानी होती है. दूसरी तरफ अप-डाउनर के ग्रुप में होने के चलते यात्रियों के लिए परेशानी खड़ी हो जाती है. यहां तक कि ट्रेन में भीड़ ज्यादा होने के चलते टीटी भी यात्री को सीट दिलाने में असहज महसूस करते हैं. यात्री अजीत शर्मा मेवाड़ एक्सप्रेस में दिल्ली से बैठे थे. उन्होंने 8 अगस्त को एसी कोच में भी भयंकर भीड़ होने की शिकायत की, लेकिन उनके अनुसार कोई समाधान नहीं मिला।

### स्लीपर ही नहीं एसी कोच में भी चढ़ जाते हैं

इन शिकायतों में रिजर्वेशन कोच में बड़ी संख्या में दूसरे यात्रियों का प्रवेश करना, रिजर्व सीट होने के बावजूद भी पूरी सुविधा नहीं मिल पाना, भारी भीड़ होने के चलते टॉयलेट तक भी रिजर्वेशन वाले यात्री का नहीं पहुंचाना सहित कई शिकायते हैं. बड़ी संख्या में यात्री प्रवेश कर जाते हैं. ट्रेन का स्टॉपेज बल्लभगढ़ और कोसीकला में दिया हुआ है, जिसके चलते अब डाउनलोड इन दोनों स्टेशन से मथुरा तक बड़ी संख्या में आते हैं. यात्री मथुरा तक के लिए चढ़ जाते हैं. ज्यादा यात्रा होने पर यह स्लीपर और एसी कोच में भी चढ़ जाते हैं. रेलयात्री सोमेंद्र शर्मा ने जयपुर से कोटा के बीच 7 अगस्त को सफर कर रहे थे, इस दौरान शाम 6:30 बजे भारी भीड़ थी. जयपुर से निकलने के बात शिकायत की, समाधान 8 बजे के आसपास सवाई माधोपुर में उन्हें आरपीएफ ने दिलाया।





### साल की 6000 शिकायत, समाधान में लगता है समय

कोटा रेल मंडल में रेल मदद ऐप के जरिए करीब 6000 के आसपास सालाना शिकायत रिजर्व कोच में दूसरे यात्रियों के प्रवेश करने की आ रही है. इस हिसाब से रोज करीब 18 से 20 शिकायतें रेलवे को मिल रही है. यह तो वही शिकायतें हैं, जिन्हें दर्ज किया जा रहा है. कई बार शिकायतों पर रेलवे एक्शन लेता है, लेकिन ट्रेनों के स्टॉपेज ही लंबे होने के चलते यात्री को तत्काल राहत नहीं मिलती है. आरपीएफ की टीम ट्रेन के कोच तक पहुंचती है, लेकिन ट्रेन का स्टॉपेज ही 2 मिनट का होता है. ऐसे में केवल फॉर्मेलिटी ही हो पाती है. यात्री हंसराज सुमन जयपुर से ट्रेन नंबर 19808 सिरसा कोटा में बैठे थे. उन्होंने कंफर्म टिकट पर भी सीट नहीं मिलने की शिकायत की, लेकिन कोई टीटीई नहीं आया. आरपीएफ का जवान आया, लेकिन भीड़ ज्यादा होने के चलते वह भी कुछ नहीं कर पाया।

## माधव और मयंक राष्ट्रीय टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले में संचालित स्टेप बाय स्टेप इंग्लिश स्कूल के कक्षा 10 के छात्र माधव मंगल एवं कक्षा 8 के छात्र मयंक कुमार जांगिड़ ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल कर जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। माधव मंगल (स्टेप बाय स्टेप स्कूल ने कक्षा 9 के हिन्दी विषय में तथा मयंक कुमार जांगिड़ पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ने कक्षा 8 के विज्ञान विषय में राष्ट्रीय स्तरीय ओलम्पियाड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत संचालित सीएससी द्वारा आयोजित की गई थी। नवंबर माह में आयोजित इस ऑनलाइन परीक्षा के परिणाम की जानकारी सीएससी के उच्च अधिकारियों द्वारा विद्यालय एवं अभिभावकों को प्रदान की गई। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दोनों विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी श्री हरकेश लाल मीणा एवं सीएससी स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर भवानी सिंह द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधान संध्या सिंहल, अरविन्द सिंहल, अभिभावक पुरुषोत्तम जांगिड़, प्रधानाध्यापक विद्या भारती इंग्लिश स्कूल, कृष्णा जांगिड़, लोकेश मंगल तथा सीएससी वीएलई धारासिंह सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस-भाजपा नेताओं की गुटबाजी से कार्यकर्ताओ की किरकरी...

### प्रदेश में पंचायतीराज नगर निकाय चुनाव को लेकर गली मोहल्ले में होने लगी चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** प्रदेश में होने वाले पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनाव ज्यो ज्यो नजदीक आ रहे हे त्यों-त्यों दोनों हो राजनीतीक दलों के लोग गली मोहल्ले, नाई, चाय की दुकानों पर बैठकर एक दूसरे का मन टटोलते नजर आने लगे है, वही टोंक ज़िले के निवाई-पीपलू विधानसभा क्षेत्र में बरसों से चली आ रही गुटबाजी से उभरने के लिए पदाधिकारी पार्टी में ऑक्सीजन देने का काम कर रहे है, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है। सालों से दो गुटों में बंटी कांग्रेस अब एकजुट होने की कोशिश कर रही है। आगामी चुनावों में इस एकता का फायदा उठाने के लिए ज़िला, ब्लॉक और देहात स्तर पर नई कार्यकारिणी बनाकर कांग्रेस अपनी नीतियों और योजनाओं को लोगों तक पहुंचा रही है।

वहीं, सत्ताधारी भाजपा में भी अंदरूनी गुटबाजी खुलकर सामने आ रही है, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर रहा है। इस स्थिति का सीधा फायदा तीसरे दलों या निर्दलीय उम्मीदवारों को मिल सकता है।



निवाई में राजनीतिक पार्टियों की आपसी फूट और गुटबाजी ने कार्यकर्ताओं के सम्मान को ठेमिल कर दिया है। सोशल मीडिया और आम चर्चा में यह बात आम हो चुकी है कि कुछ नेता अवैध कारोबार से जुड़े लोगों को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसी खबरें आम लोगों और कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं, जिससे राजनीति की छवि खराब हो रही है।

आगामी चुनाव में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या कांग्रेस अपनी नई रणनीति और एकजुटता का फायदा उठा पाती है या भाजपा की गुटबाजी तीसरे दलों को जीत का मौका देती है।

## सौलर कनेक्शनों के रजिस्ट्रेशन के लिए चिन्हित गांवों में लगेंगे शिविर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** भारत सरकार द्वारा आदर्श सौर ग्राम योजना विशेष रूप से गांव के विकास पर केन्द्रित है जिसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में 5 हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में एक मॉडल सौलर ग्राम बनाना है।

अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग बी.एल. मीना ने बताया कि आदर्श सौर ग्राम के लिए जिला स्तरीय समिति द्वारा सवाई माधोपुर जिले के 11 गांव चिन्हित किए गए। जिनमें मलारना चौड़, मलारना डूंगर, पिपलदा, शिवाड़, सारसोप, भगवतगढ़, चौथ का बरवाड़ा, कुस्तला, सूरवाल, खिलचीपुर एवं छाण शामिल है। उन्होंने सभी सहायक अभियंताओं को आदेश जारी कर उनके अधीनस्थ चिन्हित गांवों में शिविर लगाकर अधिक से अधिक सौलर कनेक्शनों का रजिस्ट्रेशन करवाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को मलारना चौड़, पिपलदा, शिवाड़, सारसोप, सूरवाल एवं छाण में, 19 अगस्त को मलारना डूंगर एवं खिलचीपुर में, 21 अगस्त को भगवतगढ़ एवं चौथ का बरवाड़ा में तथा 22 अगस्त को कुस्तला में संबंधित कार्यालय परिसर में प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक शिविर आयोजित कर सौलर कनेक्शनों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शिविरों में सभी सहायक अभियंता संबंधित सरपंच, सौलर वेन्डर, ग्राम सेवक एवं फीडर इंचार्जो की आवश्यक रूप से उपस्थित सुनिश्चित करें। साथ ही चिन्हित गांवों में अधिक से अधिक सौलर संयंत्र स्थापित करवाने के लिए लोगों में जागरूक करें और रजिस्ट्रेशन की सूचना वृत कन्ट्रोल रूम में दर्ज करवाएं।

# पैदलयात्रियों की सेवा करना बड़ा पुण्य का कार्य : बाडोलिया

### टोंक से इंद्रगढ़ के लिए 10वीं विशाल पदयात्रा रवाना

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** श्री इंदरगढ़ माताजी पदयात्रा समिति कंकाली माता मंदिर टोंक (बसिठा धोबी समाज टोंक) के तत्वाधान में श्री मां काली कंकाली माता मंदिर टोंक से इंदरगढ़ के लिए 10 वी विशाल पदयात्रा का प्रस्थान हआ। ध्वजा पूजन मैं प्रभु बाडोलिया ने शामिल होकर पैदल पदयात्रा को रवाना किया।

श्री इंदरगढ़ माताजी 10वी विशाल पदयात्रा का मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री व धोबी समाज प्रदेशाध्यक्ष एकीकरण महासंघ डॉ प्रभु बाड़ोलिया रहे।10 वी विशाल पदयात्रा का संचालन व टोंक क्षेत्रवासियों के आदेश पर श्री इंदरगढ़ माताजी की 10 वी विशाल पदयात्रा का शुभारंभ भाजपा जिला महामंत्री प्रभु बाड़ोलिया,व पूर्व सभापति श्रीमती लक्ष्मी देवी जैन राजेश बाड़ोलिया श्री इंदरगढ़ माताजी पदयात्रा समिति, संचालक सुनील



हल्दानिया, राम तंवर गोपाल हल्दानिया पवन हल्दानिया श्री अजय सोलंकी कन्हैया हल्दानिया लखन तँवर ने झंडे की विधि विधान से पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्जवलन कर यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान डॉ प्रभु बाड़ोलिया ने सभी पैदल पदयात्रियों को डी.जे. के साथ धूमधाम से रवाना किया।

श्री इंदरगढ़ माताजी पैदल पदयात्रा में माताजी का रूप लेकर माता जी आई।

भाजपा महामंत्री प्रभु बाड़ोलिया ने कहा कि पैदलयात्रियों की सेवा करना एक बड़ा पुण्य कार्य है। लगातार कई वर्षों से इस पैदल यात्रा का आयोजन करने वाले पुण्यार्जक व्यक्ति बधाई के पात्र हैं। सभी भक्तगणों को पैदलयात्रियों की सेवा करने के लिए आगे आना चाहिए।

श्री इंदरगढ़ माताजी पदयात्रा समिति द्वारा भाजपा जिला महामंत्री डॉ प्रभु बाडोलिया को पहुंचने पर माला व दुपटा पहनाकर सम्मान किया।

## टोंक में वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन के तहत केंडल मार्च आज निकाला जायेगा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन के तहत 14 अगस्त को शाम 7.30 बजे कैंडल मार्च निकाला जाएगा। पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा ने बताया कि यह मार्च सुभाष बाजार से शुरू होकर घंटाघर चौराहा होते हुए टोंक निर्वाचन कार्यालय तक पहुंचेगा। कांग्रेस ने आमजन से अपील की है कि वे भी इस आंदोलन में शामिल होकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज बुलंद करें। बैरवा ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य, संभाग प्रभारी, जिला संगठन प्रभारी, टोंक-सवाई माधोपुर सांसद, जिले के चारों विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी, वर्तमान एवं पूर्व विधायक, पूर्व जिला अध्यक्ष, विधानसभा संगठन प्रभारी, जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी, मंडल एवं इकाई अध्यक्ष, अग्रिम संगठन व प्रकोष्ठ विभागों के जिला अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, प्रधान, पूर्व प्रधान, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, पार्षद और सरपंच समेत सभी कांग्रेस पदाधिकारी शामिल होंगे।

# हर घर तिरंगा रैली में बच्चों ने दिखाया उत्साह

### हर घर तिरंगा, भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंजा शहर



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान जिला कलक्टर काना राम के निर्देशन जिलेभर में देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया के नेतृत्व में बुधवार को पुलिस लाइन खेल मैदान से कलेक्ट्रेट परिसर तक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन हुआ।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और स्वयं हाथ में तिरंगा लेकर स्कूली बच्चों के साथ पैदल चलते हुए राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। रैली में जिला खेल अधिकारी अब्दुल वहीद, पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण पिन्टू कुमार मीना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, एनसीसी कैडेट, स्काउट-गाइड और स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी सहभागियों ने हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के नारों के साथ शहर के मुख्य मार्गो पर जनजागरण किया।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान न केवल राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों की स्मृति को भी सशक्त करता है। हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य आमजन में राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना और सभी को तिरंगे के सम्मान एवं महत्व से जोड़ना है। जिलेभर में यह अभियान 15 अगस्त तक जोश और उमंग के साथ जारी रहेगा।

### हर घर तिरंगा कैनवास पर किए हस्ताक्षर

अभियान के तहत जिले के समस्त उपखंडों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायत कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी तिरंगा रैली और विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान जिला कलक्ट्रेट परिसर में हर घर तिरंगा कैनवास लगाया गया जिस पर जिला कलक्टर काना राम, पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने हस्ताक्षर कर जागरूकता का संदेश दिया।

## जिला कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र टोंक का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बुधवार को राजकीय मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र टोंक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने अस्पताल परिसर के बाहर स्थित पार्क में रोगियों एवं उनके परिजनों द्वारा कपड़े सुखाए जाने के लिए अन्य स्थान को चिन्हित करने के निर्देश दिए। साथ ही, पार्क की सार संभाल कर इसे बैठने योग्य बनाए जाने पर जोर दिया।

### साफ-सफाई में सुधार लाने के दिए निर्देश

जिला कलेक्टर ने लेबर रूम, दवा वितरण, जांच केंद्र, पर्ची काउंटर, समेत चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद रोगियों एवं उनके परिजनों से अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक लिया। सभी ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। जिला कलेक्टर ने अस्पताल में साफ-सफाई की कमी को लेकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सफाई ठेकेदार पर जुर्माना लगाने



के लिए प्रभारी डॉ. विनोद परवेरिया को निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर ने अस्पताल में आवश्यक संसाधनों के बारे में पीएमओ डॉ. हनुमान प्रसाद बैरवा से जानकारी ली। साथ ही, आरएमआरएस की बैठक नियमित कराने, चिकित्सालय में मौजूद फंड से आवश्यक मेडिकल संसाधन खरीदने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने काफी लंबे समय से बंद पड़े सुलभ शौचालय को खोले जाने के निर्देश दिए। महिला चिकित्सक डॉ. सुनिता राजौरा ने अस्पताल में बैड की कमी की जानकारी दी।

## भक्तों ने देवली से श्री सांवरिया सेठ एवं सिंगोली श्याम पदयात्रा को धूमधाम से किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** बुधवार को शहर से श्री सांवरिया सेठ एवं सिंगोली श्याम की 31 वीं पदयात्रा गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से रवाना हुई। इस मौके पर शहर में,जगह-जगह पदयात्रियों पर पुष्प वर्षा की गई।समिति अध्यक्ष संपत सुवालका ने जानकारी में बताया कि पदयात्रियों ने विवेकानंद कॉलोनी स्थित बाबा रामदेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और पदयात्रा की सफलता की कामना की। इसके बाद पदयात्री ध्वज लेकर रवाना हुए, जिसमें ढोल-नगाड़ों और बैंड बाजों के साथ पदयात्री नाचते-गाते चल रहे थे। इस अवसर पर भक्त महिलाओं ने भगवान सांवरिया सेठ के भजनों पर नृत्य किया। पदयात्रा मुख्य बाजार से



बस स्टैंड स्थित मंदिर पहुंची जहां पंचमुखी बालाजी मंदिर स्थित यात्रियों द्वारा पूजा की गई। इस मौके पर मौजूद शहर वासियों ने पदयात्रियों पर पुष्प वर्षा की । यात्रा में जाने वाले पदयात्रियों के साथ उनके परिजन भी मौजूद थे। समिति अध्यक्ष संपत सवालका ने जानकारी में बताया कि पदयात्रा 20 अगस्त को सांवरिया सेठ पहुंचेगी और 21 अगस्त को सुबह 11 बजे ध्वज चढ़ाया जाएगा। इस मौके पर सिंगोली श्याम में 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया जाएगा। यह परंपरा हर वर्ष की भांति आयोजित होगी।

# जिला कलक्टर ने किया रामगढ़ क्षेत्र का निरीक्षण, विकास कार्यों व योजनाओं की समयबद्ध क्रियान्विति के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को रामगढ़ क्षेत्र का दौरा कर उपखंड कार्यालय, तहसील कार्यालय और उप जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं पुख्ता रखने, बजट घोषणाओं और योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करने तथा आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने उपखंड कार्यालय, बहादुरपुर रोड स्थित मिनी सचिवालय, तहसील कार्यालय और नौगांवा तहसील का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि ई-फाइलिंग प्रणाली अपनाकर कार्य दक्षता बढ़ाई जाए, रिकॉर्ड का नियमित संधारण किया जाए और जनसुनवाई को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की प्रभावी मॉनिटरिंग और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर देने को कहा। इसके बाद उन्होंने पुरानी तहसील बिल्डिंग का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### चिकित्सालय का निरीक्षण एवं फीडबैक

जिला कलक्टर ने उप जिला चिकित्सालय और सीएचसी में डीडीसी, इमरजेंसी वार्ड, भर्ती वार्ड, प्रसूता वार्ड, ओपीडी व दवा वितरण केंद्र का अवलोकन किया। प्रसूता वार्ड में प्रसूताओं के परिजनों से सुविधाओं का फीडबैक लिया और बीसीएमओ व चिकित्सा प्रभारी से नई बिल्डिंग निर्माण की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वच्छता और मरीजों को निर्बाध सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### ब्लॉक स्तरीय बैठक में निर्देश

ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक में डॉ. शुक्ला ने आपसी समन्वय के साथ बजट घोषणाओं, योजनाओं व प्रगतिरत विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई व कचरा उठाव को नियमित सुनिश्चित करने और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने पर जोर दिया।



### जनसुनवाई में शिकायतों का त्वरित निस्तारण

जनसुनवाई के दौरान उन्होंने उपखंड अधिकारी और तहसीलदार को निर्देशित किया कि शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर फरियादियों को समय पर सूचित किया जाए, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने आमजन से योजनाओं का लाभ लेने और अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी अनिल कुमार मीणा, तहसीलदार अंकित गुप्ता, मांगेराम मीणा, बीसीएमओ अमित राठौड़, चिकित्सा प्रभारी बाबूलाल यादव सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## भाजपा की तिरंगा यात्रा, शहीद धर्मवीर सिंह शेखावत को नमन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से बानसूर विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष सज्जन मिश्रा, जिला पार्षद मनोज यादव और कौशल रावत ने किया। यात्रा की शुरुआत कांकरिया बस स्टैंड से हुई और आलमपुर सरकारी स्कूल के पास स्थित शहीद धर्मवीर सिंह शेखावत की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ इसका समापन हुआ। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम और शहीदों को समर्पित नारों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया।

कार्यक्रम में वीरांगना राजवती, उनके पुत्र शुभम और विकास, भाई रामवीर और सतवीर, शहीद के पिता अजय पाल शेखावत, सुनीता देवी व अन्य परिजन उपस्थित रहे। शहीद परिवार को माला और साफा पहनाकर सम्मानित किया गया तथा भगवान श्रीराम की तस्वीर भेंट की गई। वीरांगना को सोल उढ़ाकर विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य चरण सिंह चौहान, भाजपा अलवर उत्तर जिला मंत्री हेमलता सिसोदिया, पूर्व आईटी सेल के विजय कुमावत, पूर्व महामंत्री योगेश सोनी, सकेत लाटा, दीपक शास्त्री, सुरेंद्र चौहान, संदीप शेखावत, मास्टर रामावतार, संजय, भूपसिंह शेखावत, सतीश गुवारिया, गिराज शेखावत, करतार राठौड़, जय सिंह शेखावत, योगेश, चरण सिंह रावत, देव यादव, नरेश शेखावत, पृथ्वी सिंह, सेडू शेखावत, बजरंग शेखावत, हवलदार लक्ष्मण सिंह, सूबेदार रामवीर यादव, शैतान सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रामपुर में पांच महीने से ठप सफाई व्यवस्था, व्यापारियों का प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** ग्राम पंचायत रामपुर में पिछले पांच महीनों से सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी है। हालात से परेशान व्यापारियों ने बुधवार को मुख्य बाजार में प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और तत्काल सफाई शुरू करने की मांग की। व्यापारियों ने बताया कि कस्बे में लंबे समय से सफाई न होने के कारण मुख्य बाजार, मोहल्लों और गलियों में कचरे के ढेर लग गए हैं। बदबू और गंदगी के चलते आमजन का बाजार में निकलना मुश्किल हो गया है। पंचायत प्रशासन को कई बार शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने विधायक देवीसिंह शेखावत को भी स्थिति से अवगत कराया था। विधायक ने सोमवार को सफाई करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्य शुरू नहीं हुआ। यहां तक कि जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में भी यह समस्या उठाई गई, मगर सफाई व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी। व्यापारियों का कहना है कि इस लापरवाही से ग्रामीणों और व्यापारियों में पंचायत प्रशासन, उपखंड प्रशासन और विधायक के प्रति गहरा रोष है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि पांच दिन के भीतर सफाई नहीं हुई तो वे अपनी दुकानें बंद कर बड़ा आंदोलन करेंगे।

## दिवंगत फोटो जर्नलिस्ट निखिल कुमार को श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** दिवंगत फोटो जर्नलिस्ट श्री निखिल कुमार के असामयिक निधन पर आज सूचना केंद्र में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिले के पत्रकारों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सभा में पत्रकारों ने श्री निखिल के फोटो जर्नलिज्म और समाज सेवा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कार्यों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि निखिल कुमार का समर्पण और संवेदनशील दृष्टिकोण हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र भारद्वाज, राजेश रवि, जुगल गांधी, विजय यादव, अश्विनी यादव, प्रेम पाठक, श्रीमती ज्योति शर्मा, अवधेश सिंह, राजेश कुमार सोमवंशी, गोपेश धारवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, राजेशकृष्ण सिद्ध, अमित गोयल सहित अनेक पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शहीद विक्रम सिंह को श्रद्धांजलि: हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के ग्राम सुंदरपुरा ढाढा, जिसे अब शहीद विक्रम सिंह नगर के नाम से जाना जाता है, में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत शहीद विक्रम सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर, ग्रामीणों को तिरंगा भी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में उपसरपंच मातादीन सिंह, अमर सिंह, जयसिंह मीणा, विक्रम सिंह, पूरण सिंह, उमेद सिंह, हिम्मत सिंह, कृष्ण सिंह, वीरेंद्र सिंह, भवानी सिंह, शंकर सिंह, नागेंद्र सिंह ढाढा, नरेंद्र सिंह, सोनू सिंह, मुकेश सिंह, महेंद्र कसाना और अन्य ग्रामीण मौजूद थे।यह कार्यक्रम शहीद विक्रम सिंह के सम्मान और देश के प्रति उनके बलिदान को याद करने के लिए आयोजित किया गया था।

# पर्यावरण की रक्षा के संकल्प के साथ मनाया जन्मदिन

### प्रमुख उद्योगपति हरीश जसूरिया के जन्मदिन पर 51 फलदार और छायादार पौधे लगाकर मनाया जन्मदिन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर( रूपक शर्मा )।** अलवर के प्रमुख समाजसेवी और जे-प्योर के डायरेक्टर हरीश जसोरिया ने अपने जन्मदिन को एक यादगार और पर्यावरण की रक्षा के लिए संकल्पित दिवस के रूप में मनाया । शहर के मोती डूंगरी पार्क में सुबह बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के लोग पहुंचे और उद्योगपति व समाज सेवी हरीश जसोरिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान उनकी पत्नी वैशाली जसोरिया भी उनके साथ मौजूद रही । बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों से जुड़े हुए लोग मोती डूंगरी पार्क पहुंचे और वहां उनके जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए मोती डूंगरी मॉर्निंग वॉक क्लब के अध्यक्ष विमल तिवारी के नेतृत्व में



51 फल में छायादार पौधे रोपे गए। बड़ी संख्या में इस दौरान लोग मौजूद रहे। उद्योगपति हरीश जसोरिया ने कहा कि यह लोगों का प्रेम है और आज जन्मदिन के अवसर पर पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधे लगाए हैं और संकल्प लिया है कि यह जो पौधे लगाए गए हैं इन्हें पेड़ बनाएं। इधर मोती डूंगरी क्लब से जुड़े हुए और रोटरी क्लब से जुड़े हुए लोगों का कहना था कि हरीश जसोरिया बहुत व्यवहारशील और धार्मिक प्रवृत्ति के इंसान हैं दोनों पति-पत्नी हर धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और धर्म की रक्षा के लिए कृत संकल्पित है, ऐसे में विभिन्न संगठनों समाज सेवी संस्थाओं व मोती डूंगरी मॉर्निंग वॉक क्लब की ओर से बुके देकर माला पहनकर इन उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं अर्पित की।

## रोटरी 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत माताओं के नाम 51 पौधे रोपे



**अलवर ( रूपक शर्मा )।** रोटरी क्लब अलवर ने बुधवार को महाराणा प्रताप पार्क स्थित रोटरी गार्डन में 'एक पेड़ माँ के नाम' मुहिम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। परम पूज्य स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज के आशीर्वाद और क्लब अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल के सानिध्य में शुरू हुए इस कार्यक्रम में 51 पौधे और 11 ट्री गार्ड लगाए गए। कार्यक्रम संयोजक हरिप्रसाद खंडेलवाल ने बताया कि सभी पौधे रोटरी सदस्यों और उनके बच्चों ने अपनी माताओं के नाम समर्पित किए। पौधों के लिए उत्तम खाद और पानी की व्यवस्था भी की गई। मुख्य सहयोगियों में दीपकमल अरोड़ा, पुनीत भाटिया, आशीष खंडेलवाल, ललित अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, हरीश जसोरिया, सतीश गागल, दिलीप खाकोलिया और रचना जैन शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान रोटेरियन हरीश जसोरिया का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कैट जिलाध्यक्ष पवन खंडेलवाल ने उन्हें कैट का शहर अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। पौधारोपण में स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज, पूर्व प्रांतपाल पवन खंडेलवाल, सचिव ऋषि मित्तल, कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल, असिस्टेंट गवर्नर राजेश सिंघल, पूर्व अध्यक्ष मदन मोहन खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में रोटरी सदस्य एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के रंग में रंगा अलवर

### मिनी सचिवालय से शहीद स्मारक तक निकाली गई तिरंगा दुपहिया रैली, शहर हुआ तिरंगामय



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को मिनी सचिवालय से शहीद स्मारक कंपनी बाग तक भव्य तिरंगा दुपहिया वाहन रैली का आयोजन हुआ। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और कैनवास पर हस्ताक्षर कर हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। जिला कलक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस भारतवासियों के लिए गौरव और देशभक्ति का प्रतीक पर्व है। केंद्र और राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के तहत विद्यालयों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थलों और सरकारी कार्यालयों में तिरंगा रैली, निबंध, चित्रकला, रंगोली जैसी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, ताकि जन-जन में देशभक्ति और एकता का संदेश पहुंचे। रैली मिनी सचिवालय से रवाना होकर भवानी तोप, प्रताप ऑडिटोरियम, मोती डूंगरी, एसएमडी सर्किल और नांगली सर्किल से होते हुए शहीद स्मारक कंपनी बाग पर सम्पन्न हुई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने फूल बरसाकर और नारे लगाकर रैली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। रैली में आमजन, सरकारी कार्मिक और सुरक्षा बल के जवान तिरंगा हाथ में थामे भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए शामिल हुए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका, एसडीएम अलवर माधव भारद्वाज, सीडीईओ महेश गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## 17 अगस्त को दो पारियों में जिले के 46 केंद्रों पर पटवारी भर्ती परीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा पटवारी सीधी भर्ती परीक्षा-2025 का आयोजन 17 अगस्त को अलवर जिले में दो पारियों में होगा। प्रथम पारी सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पारी दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी। जिले में कुल 46 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 14 राजकीय और 32 निजी केंद्र शामिल हैं। दोनों पारियों में 26,642 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा संचालन के लिए 8 सतर्कता दल और 32 उप-समन्वयक दल तैनात रहेंगे। परीक्षा हेतु मिनी सचिवालय स्थित एडीएम (शहर) कार्यालय, कक्ष संख्या 122 में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। इसका दूरभाष नंबर 0144-2345077 है, जो 15 और 16 अगस्त को सुबह 9:30 से शाम 6 बजे तक तथा 17 अगस्त को सुबह 6:30 बजे से परीक्षा सामग्री जमा होने तक संचालित रहेगा।

### हर घर तिरंगा अभियान

## जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर गांव-गांव तक गूंजा देशभक्ति का संदेश शहर में निकली भव्य तिरंगा पदयात्रा, उमड़ा जन उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत बुधवार को जिलेभर में विभिन्न तिरंगा गतिविधियों का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देश के प्रति प्रेम, समर्पण और एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में नगर निगम, महिला एवं बाल विकास विभाग और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शहर में भव्य तिरंगा पदयात्रा का आयोजन हुआ। नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस पदयात्रा का उद्देश्य आमजन में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना है।

पदयात्रा में आशा सहयोगिनियों, महिला कार्यकर्ताओं, बच्चों और नागरिकों ने हाथों में तिरंगा थामकर देशभक्ति के नारों से शहर की गलियों को गुंजायमान कर दिया। मार्ग में व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने भी यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह पदयात्रा नंगली सर्कल से प्रारंभ होकर प्रमुख बाजारों व मार्गों से होते हुए पुनः नंगली सर्कल पर सम्पन्न हुई। इसी कड़ी में मेरा युवा भारत (माई भारत) द्वारा नंगली सर्कल से होप सर्कस तक तिरंगा पदयात्रा का आयोजन हुआ। नगर निगम कमिश्नर जितेंद्र नरूका ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। माई भारत के जिला युवा अधिकारी पंकज यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा स्वयंसेवक, विद्यार्थी और आमजन शामिल हुए।



### जिलेभर में तिरंगा कार्यक्रम

जिला स्तर पर होप सर्कस, मिनी सचिवालय, मूसी महारानी की छतरी, नंगली सर्कल, शहीद स्मारक और सागर जलाशय सहित सभी उपखंड, पंचायत और ग्राम स्तर पर 'हर घर तिरंगा रोशनी' कार्यक्रम आयोजित हुआ। सुबह तिरंगा ध्वज हाथ में लेकर यात्राएं निकाली गईं, वहीं सार्वजनिक स्थलों पर बाइक, कार और ट्रैक्टर रैलियों ने जनमानस में जोश भरा। सरकारी व निजी कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों और औद्योगिक इकाइयों में तिरंगा सजावट, सेल्फी अभियान, रैलियां और कैनवास कार्यक्रम आयोजित हुए। विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रदर्शनी, सजावट और रचनात्मक गतिविधियों से वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा। राजीविका की स्वयं सहायता समूहों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने हाथ में तिरंगा लेकर राष्ट्रीय एकता व अखंडता का संदेश दिया।

### 14 अगस्त को विविध आयोजन

अभियान के तहत 14 अगस्त को जिला, उपखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर शाम 7 बजे मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इनमें स्वतंत्रता सेनानियों, सुरक्षा बलों के सेवानिवृत्त कार्मिकों और शहीदों के परिजनों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर मिनी सचिवालय से प्रताप ऑडिटोरियम तक रंगोली कार्यक्रम व रैली निकाली जाएगी। सभी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यकर्ता व सहयोगिनियां रंगोली एवं तिरंगा रैली का आयोजन करेंगी। प्रताप ऑडिटोरियम में सजावट, मेले और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने तिरंगा बाइक रैली में शामिल होकर दिया राष्ट्र एकता का संदेश



### शहीद चंद्रशेखर आजाद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को परशुराम सर्किल से दुपहिया वाहन रैली निकाली गई। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने केसरिया झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और हाथ में तिरंगा थामकर स्वयं भी शामिल हुए। मंत्री शर्मा ने कहा कि स्वाधीनता दिवस को हर्षोल्लास से मनाने और जन-जन को राष्ट्रीय पर्व से जोड़ने के उद्देश्य से देशभर में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपने घरों पर तिरंगा लगाने की अपील करते हुए कहा कि तिरंगा हमारी एकता, अखंडता और विविधता का प्रतीक है। रैली परशुराम सर्किल से अशोका टॉकीज, मालाखेड़ा बाजार, त्रिपोलिया, होप सर्कस, पुलिस कंट्रोल रूम होते हुए मन्नी का बड़ से शहीद स्मारक तक निकाली गई और शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मंत्री शर्मा ने शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, गोवर्धन सिंह सिसोदिया, जितेंद्र नरूका, ओमप्रकाश शर्मा, जगदीश अटल, जितेंद्र राठौड़, विश्वंभर वशिष्ठ, रजनीश जैमन, बाबूलाल शर्मा, त्रिपोलिया मंदिर के महंत जितेंद्र खेडापति, अश्विनी जावली सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# बूंदी में शाही ठाठ के साथ निकली तीज माता की सवारी, झांकियों व लोकनृत्यों ने बांधा समां





बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** कजली तीज महोत्सव की रंगीन छटा मंगलवार शाम उस वक्त अपने चरम पर थी, जब शौर्य और श्रृंगार की प्रतीक तीज माता की भव्य शोभायात्रा शाही अंदाज में नगर भ्रमण के लिए निकली। नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने विशेष पूजा-अर्चना कर सवारी का शुभारंभ किया। रामप्रकाश टॉकीज से रवाना हुई यह सवारी शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मेला स्थल कुंभा स्टेडियम पहुंची, जहां हजारों की भीड़ ने तीज माता का अभिनंदन किया। कजली तीज की यह शाही सवारी परंपरा और आस्था का ऐसा संगम बनी, जिसे देखने वाले देर तक मंत्रमुग्ध रहे। पूरे शहर में उत्सव का माहौल रहा और रात तक मेला स्थल पर रौनक बनी रही। बाद में अतिथियों ने तीज माता की आरती उतार कर 15 दिवसीय ऐतिहासिक मेले का शुभारंभ किया।

### सवारी में उमड़ा जनसैलाब

महिला व पुरुष पार्षद पारंपरिक परिधान में आकर्षण का केंद्र बने रहे।शहरवासियों सहित ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग तीज की सवारी देखने पहुंचे थे। तीज माता के दर्शन को लेकर जगह-जगह लोगो की बाहरी भीड़ लगी हुई थी। सवारी में डीजे के साथ ढोल-नगाड़ों और बैंड की धुन पर युवा थिरकते चल रहे थे। तीज माता की सवारी की स्वरूप कुछ ऐसा था कि सबसे आगे हाथी और ध्वज लेकर चलता घुड़सवार चल रहे थे। उसके पीछे लोकगीतों पर नृत्य करते कलाकार शोभायात्रा को भव्यता प्रदान कर रहे थे।

### शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण

तीज माता की सवारी के दौरान बैंड एवं लोकनृत्य, पंजाब व मश्क बैंड, रामापीर कच्ची घोड़ी, कालबेलिया नृत्यांगनाएं ,चांचौड़ा, घूमर चकरी नृत्यांगनाएं, शिव अघोरी व हाथी पूरे समय आकर्षण का केंद्र बने रहे। शोभायात्रा में पूरे मार्ग भर में आतिशबाजी के नजारे आसमान में रंग भरते नजर आए। इसके अलावा सवारी में पौराणिक झांकियां जिसमें भगवान राम, राधे कृष्णा मोर पंख, श्याम भगवान, काली माता विराट रूप (28 मुख), हिरण्यकश्यप व नरसिंह भगवान युद्ध, श्रीनाथजी, विष्णु-लक्ष्मी जैसी एक से बढ़कर एक झाकियां शामिल थी। सवारी में महिला पार्षद माला भूटानी, रामरेश, मोनिका शेरगढ़िया, दिलबर बाई, संध्या रावल, शांति सोनी, आकांशा कराड,ममता शर्मा, पार्षद देवराज गोचर, मनीष सिसोदिया, संदीप यादव, आयुक्त धर्मेंद्र कुमार मीणा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, संचित अग्रवाल सहित नगर परिषद के पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल थे।

## नैनवां की कजली तीज माता बनी यादगार

### सांस्कृतिक कलाओ के साथ मधुर भजनो की सरित में निकाली सवारी

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** कजली तीज महोत्सव को लेकर दूसरे दिन भी पालिका की ओर से गाजे बाजे के साथ शाही अंदाज में निकाली तीज माता की भव्य शोभायात्रा। दूसरे दिन स्टेट हाईवे 34 पर स्थित पालिका भवन से तीज माता की सवारी परम्परागत पूजा अर्चना एंव अतिबाजी के बाद शुरू हुई सवारी। सवारी को देखने के लिए लोगो की भारी भीड़ मौजूद रही। शोभायात्रा के आगे घुड़सवार धर्म ध्वज लेकर चल रहे थे। इसके पीछे स्वांग के रूप में शिव परिवार अपने भूत पिचासो के साथ चल रहे थे। जो बच्चो के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए थे। इसके पीछे कच्छी घोड़ी नृत्य, अलगोजे गायन पर झूमती तेजाजी गायन की मंडली,घोड़ियो का डांस, एक दर्जन से अधिक झॉकिया जिसमें शिव परिवार,तीज माता, मखन चोरी करते हुए,राधा-कृष्ण, वीर सैनिको के साथ भारत माता जैसी झॉकिया शोभायात्रा में मौजूद रही। स्थानीय बैण्ड जो अपनी अपनी पोशाक एंव मीठे स्वर में भजन गाते हुए चल रहे थे। सबसे पीछे पुलिस जाप्ता के साथ शाही अंदाज में तीज माता की सवारी चल रही थी। जिसके आगे पालिका प्रशासन सहित जनप्रतिनिधिगण एंव शहर के प्रबुद्वजन मौजूद थे। तीज माता की सवारी पालिका भवन से देईपोल चूंगी नाका, अदालत परिसर,भगत सिंह सर्किल से होते हुए कनक सागर तालाब की पाल पर स्थित तीज के चबूतरे पर पहुॅची जहां पूजा अर्चना



के बाद चांद मारी की रश्म अदा की गई।

शोभायात्रा देखने उमड़े लोग- तीज माता महोत्सव को लेकर दूसरे दिन निकाली गई तीज माता सवारी को देखने के लिए लोगो की भारी भीड़ मौजूद रही। कनक सागर की तालाब की पाल पर मेला जैसा माहौल नजर आया। वन विहार कार्यक्रम के बाद तीज माता की सवारी वापिस पालिका कार्यालय पहुॅची जहां दो दिवसीय तीज माता महोत्सव का समापन हुआ।

## पुलिस लाइन में तैनात कॉन्स्टेबल के अज्ञात जहर खाने से पुलिस महकमे में हड़कंप

### समय पर इलाज मिलने से कॉन्स्टेबल की जान बची

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बुधवार सुबह बूंदी पुलिस लाइन में तैनात एक कॉन्स्टेबल के अज्ञात जहर खाने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घटना के बाद कॉस्टेबल को अचेत अवस्था जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां त्वरित उपचार से उसकी जान बच पाई। कोतवाली प्रभारी भंवर सिंह ने बताया कि कॉन्स्टेबल शिवराम मीणा बुधवार सुबह अपने सरकारी क्वार्टर में थे, तभी उन्होंने किसी अज्ञात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ देर में ही उनकी तबियत बिगड़ने लगी और वे अचेत होकर गिर पड़े। साथी पुलिसकर्मियों ने बिना देर किए उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए तुरंत उपचार शुरू किया और खतरे से बाहर कर दिया। सीआई ने बताया कि उन्हें अस्पताल से सूचना मिली थी। उसके बाद अस्पताल पहुंचे और पर्चा बयान लिया। फिलहाल कॉस्टेबल की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



### एसपी, एएसपी पहुंचे अस्पताल

घटना की खबर मिलते ही पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा, डीएसपी अरुण मिश्रा और कोतवाली थाना प्रभारी भंवर सिंह खुद अस्पताल पहुंचे और कॉन्स्टेबल के स्वास्थ्य की जानकारी ली। हालांकि शुरुआती चर्चा में डिप्रेशन की बात उठी है, लेकिन पुलिस अफसरों का मानना है कि वास्तविक कारण की पुष्टि जांच के बाद ही होगी। घटना के बाद से पूरे पुलिस महकमे में चिंता और सन्नाटा है। समय पर इलाज मिलने से कॉन्स्टेबल की जान बच गई। ड्यूटी से जुड़े डिप्रेशन जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। कॉन्स्टेबल पहले दई थाना में थे और अपने अनुरोध पर पुलिस लाइन में पदस्थ किए गए थे। मामले की जांच जारी है।

**एसपी राजेंद्र मीणा, एसपी, बूंदी**

## जिला कलक्टर ने की सिंचाई परियोजनाओं, बजट घोषणाओं की समीक्षा

### अधीक्षण अभियंता जल संसाधन विभाग कार्यालय का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने बुधवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय जल संसाधन वृत्त, कोटा का निरीक्षण कर बैठक ली। विभाग द्वारा संचालित एवं प्रस्तावित परियोजनाओं, बजट घोषणाओं एवं अन्य गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। जिले में बहने वाली नदियों, उपलब्ध जल के उपयोग, सिंचाई परियोजनाओ सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने नवनेरा बैराज की वर्तमान स्थिति, जल भराव, भूमि अधिग्रहण एवं हितधारियों को भुगतान आदि के बारे में पूछा। तकली मध्यम सिंचाई परियोजना व अन्य माइक्रो सिंचाई परियोजनाओं इत्यादि की प्रगति की जानकारी ली। सिंचाई तंत्र सुद्ढीकरण के लिए भावी योजनाओं एवं हाल ही रानपुर, कैथून क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति से निपटने की योजना पर भी चर्चा की। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कार्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। अधीक्षण अभियंता जल संसाधन वृत्त, कोटा आर.के. जेमिनी ने बताया कि नवनैरा बैराज में इस वर्ष पूर्ण जल भराव स्तर तक जल भराव किया जा रहा है। तकली मध्यम सिंचाई परियोजना के अंतर्गत रामगंजमंडी एवं चेचट तहसील के 33 गांवों के 7800 हैक्टेयर क्षेत्र में फव्वारा प्रणाली द्वारा सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना प्रस्तावित है। उन्होंने मध्यम सिंचाई परियोजना, सावनभादौ एवं अलनिया लघु सिंचाई परियोजना, डाहरा एवं डोल्या तथा चंबल लिफ्ट योजना के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिले में डीएमएफटी अंतर्गत स्वीकृत 7 कार्यों में से 4 कार्य 215.26 लाख का व्यय कर पूर्ण किए जा चुके हैं। अटल भू-जल योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 33 कार्य स्वीकृत किए गए जिनमें से 28 कार्य प्रगतिरत् हैं। बजट घोषणा 2024-25 अंतर्गत 14 कार्यों की घोषणा की गई जिनमें से 13 कार्य प्रगतिरत् हैं एवं एक कार्य वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रक्रियाधीन है। बजट घोषणा 2025-26 के अंतर्गत एक कार्य प्रगतिरत है जबकि शेष कार्य विभिन्न स्तरों पर प्रक्रियाधीन हैं।

बैठक में अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता आशीष कुमार, सहायक अभियंता नितिका पारेता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सैंड स्टोन लोडिंग बंद, परिवहन और बाजार ठप्प

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** लीजधारक एवं स्टॉकिस्ट ने दसवें दिन भी पूर्णतः लोडिंग बंद कर रखी है जिससे क्षेत्र में सैंड स्टोन का परिवहन बिल्कुल ठप्प हो गया है । सैंड स्टोन से ही क्रशर उद्योग भी जुड़ा हुआ है। यह गतिरोध दिनों दिन बढ़ता जा रहा है जिससे हजारों मजदूरों पर रोजी रोटी का संकट आ चुका है । स्थानीय बाजार की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई है । सैंड स्टोन व्यवसायियों ने झुकना अस्वीकार कर दिया है । उनका कहना है कि सरकार ने ऐसे नियम बना दिये है कि यदि व्यापार चालू रखे तो नुकसान तय है ।

## अधिक से अधिक लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करें

### जिला कलक्टर ने ली जेवीवीएनएल की समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) के कार्यों और योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने कुसुम योजना ए, बी और सी के अंतर्गत विभिन्न वर्गों की प्रगति की जानकारी लेते हुए धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग, उद्यान विभाग और जेवीवीएनएल को आपसी समन्वय कर अधिक से अधिक लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास विद्युत कनेक्शन नहीं है, उन्हें सौर ऊर्जा अपनाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया जाए। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा न केवल लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी समाज का महत्वपूर्ण योगदान सिद्ध होगी।

बैठक में विभागों से अब तक आए आवेदनों और उनमें से लाभ देने योग्य आवेदनों की संख्या की जानकारी ली गई। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त किए जाएं और कृषि पर्यवेक्षकों को लक्ष्य देकर फील्ड में भेजा जाए।

### 15 सितंबर तक करें सर्वे पूर्ण करें

सरकारी कार्यालयों में रूफ टॉप सोलर लगाने की योजना की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कम प्रगति पर असंतोष जताया। उन्होंने कार्य कर रही फर्मों को निर्देश दिए कि 15 सितंबर तक सभी सरकारी कार्यालय भवनों का सर्वे पूरा कर, नियमानुसार कार्य शुरु करें। रूफटॉप सोलर कार्यक्रम के तहत जिला कलक्टर ने ब्लॉक स्तर पर लक्ष्य तय करने और प्रत्येक कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता को लक्ष्य सौंपने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी उपखंड अधिकारियों को लक्ष्य की जानकारी देते हुए उनको विक्रेताओं की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा, ताकि कार्यों में जल्द प्रगति हो सके।



### फीडर बायफरकेशन की समीक्षा

बैठक में फीडर बायफरकेशन की प्रगति की भी समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधीक्षण अभियंता एस.सी. जांगिड़ ने विभिन्न योजनाओं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी।

वोट चोरी के खिलाफ़ कांग्रेस जन आंदोलन

## जयपुर में कोटा महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा/जयपुर ( विनोद गौड़ )।** दिनांक 13 अगस्त 2025 को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जयपुर में वोट चोरी के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने किया, राजधानी की सड़कों पर उमड़े हज़ारों कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली की माँग को लेकर शक्ति प्रदर्शन किया। कोटा शहर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पार्षद शालिनी गौतम बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कोटा से जयपुर पहुँचीं और महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से लेकर शहीद स्मारक तक हुए प्रदर्शन में शामिल हुईं।

यह प्रदर्शन कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के विरुद्ध उठाए गए सवालों और लोकतंत्र को बचाने की अपील के समर्थन में किया गया। इस मौके पर शालिनी गौतम ने कहा कि यह लड़ाई केवल किसी एक पार्टी के खिलाफ नहीं, बल्कि देश के संविधान, लोकतंत्र और आम जनता के वोट की गरिमा को बचाने की है। राहुल गांधी ने जिस साहस के साथ यह मुद्दा उठाया है, हम महिला कांग्रेस उनकी आवाज़ को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पूरी तरह से संकल्पबद्ध हैं।

## बच्चों को दिलाई नशा विरोधी शपथ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** नषामुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को उम्मेद सिंह स्टेडियम, नयापुरा, में अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला की उपस्थिति में 3 हजार बच्चों एवं 150 षिक्षकों को नषा विरोधी शपथ दिलवाई गई। अभियान के तहत लाल बहादुर शास्त्री षिक्षा समिति, कोटा तथा सर्वोदय ऐजुकेषल ग्रुप, कोटा के लगभग 2 हजार बच्चों ने रानपुर शान्ति नगर बस्ती एवं महावीर नगर क्षेत्र में जन-जागरूकता रैली निकाली और नषा नहीं करने के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया। संयुक्त निदेषक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सविता कृष्णिया ने बताया कि सम्पूर्ण कोटा जिले में नषामुक्त भारत अभियान की 5 वीं वर्षगांठ के अवसर पर पेंटिग बनाना, पोस्टर मैकिंग, रंगौली प्रतियोगिताएँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित करवाए जा रहे हैं।

## श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज विकास समिति ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

### छात्रावास के लिए भूमि आवंटन की मांग का सोपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा/झालावाड़ ( विनोद गौड़ )।** श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज विकास समिति झालावाड़ द्वारा जिला अध्यक्ष बालकृष्ण गौड़ की अगवाई में छात्रावास हेतु भूमि आवंटन के लिए जिला कलेक्टर को मांगपत्र दिया गया। बालकृष्ण गौड़ ने बताया कि श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज विकास समिति झालावाड़ एक पंजीकृत गैर सरकारी संगठन है,जिससे जिले में समाज के 83 गांव में निवास करने वाले समाज के लोग जुड़े हुये है। समाज में गरीब छात्र छात्राएं जो झालावाड़ जिला मुख्यालय पर अध्ययन करने लिए किराए के कमरे लेने में असमर्थ है और कारण छात्र छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ।विकास समिति शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में काम कर रही है समिति का उद्देश्य गरीब और वंचित बच्चों को शिक्षा प्रदान करना है इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए समिति छात्रावास स्थापित करना चाहती है इसलिए समिति द्वारा जिला कलेक्टर महोदय झालावाड को ज्ञापन देकर छात्रावास हेतु भूमि आवंटन करने के लिए मांग की है जिससे जिले के समाज के गरीब छात्र-छात्रा है झालावाड़ शहर में रहकर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। इस अवसर पर कालू लाल गौड़ लालचंद गौड़,नवनीत गौड़, सीताराम गौड़, घनश्याम गौड़, घनश्याम गौड़,नरेन्द्र गौड़ आदि समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## अश्लील हरकत के आरोप में फरार ससुर रेल्वे स्टेशन से धरा

### कोर्ट ने भेजा 14 दिन की न्यायिक हिरासत में



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी मंडी/कोटा ( प्रमोद राठौर )।** रामगंजमंडी क्षेत्र में प्रधान पति एवं आरोपी ससुर पर अश्लील हरकत के गंभीर आरोप लगने के बाद उपजे तनावपूर्ण माहौल के बीच पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह मामला पिछले कई दिनों से चर्चा में था।

पीड़िता और उसका परिवार गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठा था। उनका कहना था कि जब तक आरोपी को हिरासत में नहीं लिया जाएगा, आंदोलन जारी रहेगा। धरनास्थल पर लगातार स्थानीय लोगों की भीड़ जुट रही थी और पुलिस-प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बढ़ता जा रहा था। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज की और बुधवार देर रात आरोपी को रेलवे स्टेशन से पकड़ लिया।

बुधवार को पुलिस ने आरोपी को कोटा न्यायालय में पेश किया, जहाँ से अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए।

# डिजीटल क्रांति के युग से कदमताल करे शिक्षा बोर्ड- देवनानी

## राजस्थाम माध्यमिक शिक्षा कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण समारोह

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि आज डिजीटल क्रांति का युग है। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को भी अपने आपको अपडेट कर अपने कामकाज को पूर्णतः डिजीटल मोड अपनाना चाहिए। बोर्ड कर्मचारी दर्पण पोर्टल बनाए जिस पर कर्मचारियों से संबंधित समस्त डाटा उपलब्ध हो। इसी तरह विद्यार्थियों और स्कूलों से संबंधित समस्त आवेदन और कामकाज भी ऑनलाइन हो और उसे एक ही दिन में संबंधित प्रमाण-पत्र दे दिया जाए। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने बुधवार को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में मंत्रालायिक कर्मचारी संघ के शपथ-ग्रहण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का नाम देश के प्रतिष्ठित शिक्षा बोर्डों में शामिल है। बोर्ड की विद्यार्थी संख्या बहुत बड़ी है। बोर्ड की कार्यप्रणाली भी बहुत अच्छी है। अब वक्त है कि इसे एक सोपान और बढ़ा कर पूर्णतः डिजीटल किया जाए ताकि शिक्षक, विद्यार्थी, स्कूल और कर्मचारी सभी को फायदा मिल सके। बोर्ड की समस्त प्रक्रिया डिजीटल और ऑनलाइन होने से स्कूल और विद्यार्थी को अपने काम के लिए सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय कर अजमेर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बोर्ड कर्मचारी दर्पण पोर्टल जैसे शुरूआत भी करे ताकि शिक्षा विभाग की शाला दर्शन और शाला दर्पण जैसे पोर्टल की तरह कर्मचारी से संबंधित समस्त डाटा ऑनलाइन हो सके। इससे कर्मचारियों का प्रमोशन व अन्य कामकाज आसान हो जाएंगे। और श्री देवनानी ने कहा कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का महत्व आज राजस्थान के हर परिवार में है। बोर्ड का दसवीं का प्रमाण-पत्र जन्मतिथि का अधिकारिक दस्तावेज है। बोर्ड की परिक्षा विद्यार्थी के जीवन की सर्वाधिक महत्वपूर्ण परीक्षाओं में शामिल है। हमें इस महत्व और इसकी शुचिता को बनाए रखना है। उन्होंने कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे पनी पूरी शक्ति के साथ बोर्ड के मान को इसी तरह बनाए रखें और उसे उच्चतम स्तर तक ले जाएं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बोर्ड को अपने कामकाज, पाठ्यक्रम और परीक्षा पद्धति को नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ढालना होगा। शिक्षा और संस्कार निर्माण में बोर्ड की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। बोर्ड सचिव श्री कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा कि बोर्ड अपनी पूरी क्षमता के साथ विद्यार्थी हित में काम कर रहा है। आगामी दिनों में इसे और अधिक पारदर्शी व विद्यार्थी हितैषी बनाया जाएगा। कर्मचारी संघ



अध्यक्ष श्री मोहन सिंह रावत एवं महामंत्री श्री करण सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा बोर्ड के कार्मिक सैदव विद्यार्थी हित में प्रयत्नशील हैं। उन्होंने श्री देवनानी को विश्वास दिलाया कि वे लगातार बोर्ड के उन्नयन के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। इस दौरान अध्यक्ष श्री मोहन सिंह रावत, महामंत्री श्री करण सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्ष खत्री, संयुक्त मंत्री श्री के.जी. कुमावत, संगठन मंत्री श्री अनिकेत महावर और कोषाध्यक्ष श्री शिव शंकर शर्मा ने शपथ ली। कार्यक्रम में विशेषाधिकारी श्रीमती नीतू यादव, वित्तीय सलाहकार श्रीमती रश्मि बिस्सा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भगवान धरणीधर की जयंती पर वाहन रैली आज

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** धाकड़ समाज के आराध्य देव भगवान धरणीधर की जयंती महोत्सव पर गुरुवार को धाकड़ युवा शक्ति समाज 108 गांव व समाज समाज की ओर से वाहन रैली के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। धाकड़ युवा शक्ति 108 गांव समाज के अध्यक्ष दिनेश नागर व भंवरलाल धाकड़ ने बताया कि भगवान धरणीधर की जयंती महोत्सव पर शोभायात्रा व वाहन रैली सुबह 9 बजे कॅवरनैन सिंह जी छतरियां स्थित मंशापूर्ण गणेश के मंदिर से शुरू होगी, जो खानपोल दरवाजा, देई चुंगी नाका, पुलिस थाने के सामने होती हुई भगतसिंह चैराहा, पीडब्ल्यूडी कार्यालय से रजलावता, समरावता, पलाई, बोसरियां होती हुई भगवान धरणीधर मांडकला पहुंचेगी। जहां पर झंडारोहण किया जाएगा। जिसके बाद प्रसादी ग्रहण की जाएगी। और रात्रि को भजन संध्या का कार्यक्रम किया जाएगा।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत धौलपुर में भव्य साइकिल रैली

### जिला कलक्टर और सीईओ जिला परिषद ने की अगुवाई, बच्चों में दिखा उत्साह

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिला मुख्यालय पर भव्य साइकिल रैली निकाली गई। रैली की अगुवाई जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए. एन. सोमनाथ ने की। नगर परिषद धौलपुर से प्रारंभ होकर रैली तीर्थराज मचकुंड पर संपन्न हुई।

इस अवसर पर स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन के बाद बच्चों ने तिरंगे के साथ और जिला कलक्टर व सीईओ के साथ सेल्फी लेकर खुशी जताई।

जिला कलक्टर ने संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान के तहत चित्रकला प्रतियोगिता, यात्रा, बाइक रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां भी आयोजित की जा रही हैं, ताकि देश के गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके।



उन्होंने आमजन से अपील की कि 15 अगस्त को अपने घरों पर तिरंगा फहराकर इस राष्ट्रीय उत्सव में भाग लें और हर घर तिरंगा की वेबसाइट पर जाकर वालंटियर के रूप में पंजीकरण कराएं।

# जल्द शुरू होगा, पुष्कर-मेड़ता रेल लाइन का कार्य

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने की रेलवे के अधिकारियों से चर्चा

### अजमेर रेलवे स्टेशन विस्तार, नई लाइन, फुट ओवर ब्रिज सहित कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर शहर और जिले में रेलवे से संबंधित विकास योजनाओं पर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने अजमेर शहर के विकास को नया आयाम देने वाली विभिन्न योजनाओं को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, जिला प्रशासन और रेलवे के साथ समन्वय कर इन योजनाओं को गति दी जाएगी। जल्द इनका काम पूरा होगा।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को सर्किट हाउस में रेलवे के अधिकारियों से विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की। मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा सहित वरिष्ठ अधिकारी इस बैठक में उपस्थित रहे। देवनानी ने रेलवे के अधिकारियों से कहा कि पुष्कर-मेड़ता रेललाइन का काम जल्द पूरा हो। यह लाइन अजमेर से बीकानेर की कनेक्टीविटी के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इसे जल्द पूरा किया जाए। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन, पुष्कर व रियांबड़ी उपखण्ड स्तर पर सर्वे, मुआवजा का काम चल रहा है। यह काम होते ही लाइन का काम शुरू हो जाएगा। देवनानी ने रेलवे स्टेशन के सौन्दर्यीकरण एवं विस्तार पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की घोषणा के अनुरूप स्टेशन के सौन्दर्यीकरण एवं अन्य काम जल्द पूरे हों। अधिकारियों ने बताया कि मार्टिण्डल ब्रिज से आगे रेलवे अस्पताल की तरफ रेल लाइनों का विस्तार, स्टेशन की इमारत का विस्तार, नए फुट ओवर ब्रिज और वेटिंग एरिया आदि का काम प्रस्तावित है।

इन पर तेजी से काम चल रहा है। यह सभी कार्य पूर्ण होने पर अजमेर रेलवे स्टेशन एक नए और भव्य स्वरूप में निखर कर सामने आएगा। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने तोपदड़ा और पालबीचला की ओर दूसरे एन्ट्री गेट से सुगम यातायात की चर्चा पर कहा कि इसमें जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर काम किया जाएगा। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि भविष्य



में मार्टिण्डल ब्रिज को भी उंचा कर यातायात की बाधा को समाप्त करने की कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है। और श्री देवनानी ने कहा कि अजमेर को पर्यटन के नए हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें रेलवे की भी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि रेलवे अपनी भूमि राज्य सरकार को उपलब्ध कराए तो विभिन्न विकास कार्य कराए जा सकते हैं। बैठक में अजमेर चित्तौड़ डलब लाइन, यातायात, स्टेशन के बाहर ड्रेनेज, मदार व दौराई स्टेशन को और अधिक विकसित करने, जिला प्रशासन से समन्वय सहित अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान बैठक में रेलवे के अधिकारी सीपीएम श्री अनूप शर्मा, सीनियर डीसीएम श्री बी.सी. एस. चौधरी, श्री शेर सिंह मीणा, श्री नीरज आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षक बने भामाशाह, विद्यार्थियों को दी 1.52 लाख की सामग्री

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कछपुरा टोंटरी में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ ने भामाशाह बनकर 300 विद्यार्थियों को 1.52 लाख मूल्य के स्कूल बैग, जूते, टाई-बेल्ट सहित आवश्यक सामग्री भेंट की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीपीसी जितेंद्र सिंह जादौन तथा अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच विजय कुमार ने की। प्राचार्य जगदीश पहाड़िया ने बताया कि विद्यालय स्टाफ ने सामूहिक सहयोग से यह पहल की, ताकि विद्यार्थी निजी संस्थानों से भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें।



इस अवसर पर राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष मनोज मीणा ने कहा कि सभी शिक्षक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व बेहतर शैक्षणिक माहौल के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। प्रोबेशन में कार्यरत शिक्षकों के योगदान की भी सराहना की गई। कार्यक्रम में द्वारिका प्रसाद मीणा, सुलव वर्मा, राजीव चौधरी ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक बातें कहीं। मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक बबलू कश्यप ने किया।

# पटवार मंडलों से लेकर उपखंड तक पुनर्गठन रोकने की मांग, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजस्थान राजस्व सेवा परिषद उपशाखा भुसावर ने राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति की सिफारिशों के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उपखंड, तहसील, उपतहसील, गिरदावर सर्कल और पटवार मंडलों के विलय एवं पुनर्गठन का विरोध किया गया है। भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा को ज्ञापन तहसीलदार अभयराज सिंह, नायब तहसीलदार, पटवार संघ



शाखा अध्यक्ष यशोमणी शर्मा, भू-अभिलेख निरीक्षक सहित अन्य सदस्यों ने सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्ववर्ती सरकारों ने आमजन की सुविधा और कर्मचारियों के कार्यभार कम करने के उद्देश्य से समय-समय पर नई प्रशासनिक इकाइयों का गठन किया था। लेकिन वर्तमान में समिति द्वारा जिला कलेक्टरों से पुनर्गठन और संख्या घटाने संबंधी जानकारी मांगी गई है। प्रस्तावित मापदंडों के आधार पर पुनर्गठन होने पर पूरे प्रदेश में राजस्व कार्यों की संख्या लगभग आधी रह जाएगी, जिससे कर्मचारियों पर कार्यभार दोगुना हो जाएगा।

राजस्व कर्मचारियों का कहना है कि इससे जनसुविधाएं प्रभावित होंगी और सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को समय पर लागू करना संभव नहीं हो पाएगा। इससे जनता में असंतोष बढ़ने और 'गुड गवर्नेंस' पर नकारात्मक असर पड़ने की आशंका जताई गई है। परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार नहीं किया तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

## 51 सदस्यों का दल रामेश्वरम् सहित दक्षिण भारतीय तीर्थ स्थलों के लिए रवाना



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** श्री दाऊजी भक्त मंडल का 51 सदस्यों का दल बुधवार, 13 अगस्त 2025 को रमेशचन्द्र बृजेश सोनी के नेतृत्व में ठाकुर गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद रवाना हुआ। तीर्थ यात्रियों को पूर्व पार्षद गोविंद सोनी, अपना घर सेवा समिति अध्यक्ष राजकुमार बंसल, मनीराम धाकड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने तिलक लगाकर विदा किया। भक्त मंडल के नीरज गर्ग और सुरेश सोनी ने बताया कि यह धार्मिक यात्रा रामेश्वरम् धाम, मल्लिकार्जुन धाम, कन्याकुमारी, तिरुपति बालाजी, मीनाक्षी मंदिर, महालक्ष्मी गोल्डन टेंपल और पद्मनाभस्वामी मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों तक होगी।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को सनातन संस्कृति से भी अवगत कराया जाएगा।

# अग्रसेन जयंती पर 21 सितंबर को विशाल सर्व समाज रक्तदान शिविर

### बैठक में शिविर की रूपरेखा तय, संयोजक मंडल नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसाइटी, बाड़ी की बैठक स्थानीय मैरिज होम में आयोजित हुई, जिसमें सर्वसम्मति से 21 सितंबर को अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर सत्यनारायण धर्मशाला में विशाल सर्व समाज रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता दिलीप मंगल ने की। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन पिछले 5 वर्षों से अग्रसेन जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित कर रहा है। संरक्षक रामनिवास गर्ग अग्रवंशी ने बताया कि गत वर्ष जिले का ऐतिहासिक



शिविर आयोजित हुआ था, जिसमें 521 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ था। संस्थापक रोहित मंगल ने रक्तदाताओं से अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराने की अपील करते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जान बचा सकता है। सचिव सागर बंसल ने बताया कि प्रत्येक रक्तदाता को मोमेंटो और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में सुनील बंसल (सनोरा) को संयोजक, संदीप बंसल और निरंजन मंगल को सह संयोजक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मनीष मित्तल, योगेश गोयल, पवन गर्ग, विपिन मित्तल, मोहित मंगल, अभय गर्ग, रिंकू गर्ग, संतोष, विष्णु, गिर्राज, अमित मंगल, नमन गर्ग, संजय बंसल, राजेंद्र सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## नगर पालिका ने किया तिरंगा संगीत कार्यक्रम का आयोजन, देशभक्ति गीतों से सराबोर हुआ माहौल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** 779वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका द्वारा जिला कलेक्टर श्रीनीधि बीटी एवं उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा जागरूकता सप्ताह के तहत मंगलवार को नेहरू पार्क, किला गेट पर तिरंगा संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी ने की, जबकि अधिशाषी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल विशिष्ट अतिथि रहे। प्रसिद्ध लोक कलाकार कृष्णा गुर्जर



ने देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। वार्ड पार्षदों ने स्थानीय एवं बाहर से आए कलाकारों का माला पहनाकर व भारत माता की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया।

# युवा टीम ने निकाली 151 फीट भव्य तिरंगा यात्रा

### पुलवामा हमले के शहीद भागीरथ सिंह की वीरांगना रंजना देवी ने किया नेतृत्व



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को युवा टीम सर्व समाज द्वारा शहर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलवामा हमले में शहीद हुए भागीरथ सिंह की धर्मपत्नी वीरांगना रंजना देवी मुख्य अतिथि रहीं, जबकि अग्रवाल समाज की महिला जिलाध्यक्ष सरोज मंगल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। आयोजन के दौरान समाजसेवी संध्या शर्मा और रोशनी शिवहरे ने वीरांगना रंजना देवी का शॉल ओढ़ाकर व शहीद की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। रंजना देवी ने कहा, भारत माता के लिए हमारा कर्तव्य है कि हम देश की रक्षा करने वाले वीर जवानों का सम्मान करें और इस प्रकार के आयोजन निरंतर होते रहें। अग्रवाल धर्मशाला से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। 151 फीट लंबे तिरंगे को हरी झंडी दिखाकर रंजना देवी ने यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा में शहीद के परिवार का जगह-जगह व्यापारी वर्ग एवं सर्व समाज ने स्वागत किया। स्कूली बच्चों द्वारा तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में ऋषभ शर्मा, भूरा परमार, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, पुष्पेंद्र गुर्जर, जिला संयोजक समरथ गुर्जर, राहुल कौशल समेत विभिन्न विद्यालयों — राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, किड्स विद्यालय, सनशाइन विद्यालय, विवेकानंद विद्यालय, केएस विद्यालय — के छात्र-छात्राओं व स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। यात्रा में युवा टीम के सतीश यादव, भूरा पहलवान, समीर गोस्वामी, संजय परमार, नारायण परमार, आकाश, अभिषेक सहित हजारों की संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

# भिनाय राजकीय महाविद्यालय भवन निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने की मांग

### पांच साल बाद भी विद्यार्थियों को स्थायी भवन का इंतजार

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/भिनाय।** वर्ष 2018-19 की राज्य बजट घोषणा में भिनाय उपखंड मुख्यालय पर राजकीय महाविद्यालय की स्थापना की घोषणा हुई थी, लेकिन पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी कॉलेज भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। स्थायी भवन के अभाव में कक्षाएं अस्थायी व्यवस्थाओं में संचालित हो रही हैं, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुस्तकालय, प्रयोगशाला और मूलभूत सुविधाओं की कमी से शिक्षा की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है।

बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने नगर मंत्री अजय आचार्य के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के नाम उपखंड अधिकारी जीतू कुलहरी को ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की गई कि राजकीय महाविद्यालय का भवन निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। छात्रों का कहना है कि सरकार व



प्रशासन की अनदेखी से उनका समय और भविष्य खतरे में है। ज्ञापन देने वालों में सचिन जोशी, अक्षत जोशी, श्रीराम माली, कार्तिक, महादेव, सूर्य देव, मोहित शर्मा, शुभम सोनी, अभिनव जोशी, ओम प्रकाश पायल, आदित्य वैष्णव, जीवराज गुर्जर, कार्तिक मेवाड़ा सहित कई छात्र उपस्थित रहे।

## बसई डांग व सोने का गुर्जा पुलिस की कार्रवाई: लोडेड देशी कट्टा व सिंगल शॉट बंदूक बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** एसपी विकास सांगवान के निर्देश पर चल रहे विशेष अभियान के तहत उपखंड की बसई डांग और सोने का गुर्जा थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बसई डांग थाना अधिकारी गंभीर सिंह ने बताया कि एडिशनल एसपी कमल जागिड़ और सीओ महेंद्र कुमार के सुपरविजन में कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर आरोपी हरेंद्र पुत्र मंगल सिंह गुर्जर निवासी मुतावली को एक लोडेड देशी कट्टा (.315 बोर) सहित पकड़ा गया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में कांस्टेबल नत्थन सिंह, हरिओम और राजेश का विशेष योगदान रहा। वहीं, सोने का गुर्जा थाना प्रभारी महेश चंद्र ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चेतराम उर्फ चेता पुत्र पंचम सिंह गुर्जर निवासी तोरे का सायपुर को सरोना के जंगल से एक सिंगल शॉट बंदूक व दो जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया। आरोपी पर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल नरेंद्र कुमार, कांस्टेबल वीरेंद्र, विनोद और महावीर शामिल रहे।

# धाकड़ समाज के आराध्य देव भगवान (धरणीधर)बलराम जन्मोत्सव अवसर पर धाकड़ समाज का शक्ति प्रदर्शन, विधायक के टिकट की रखी मांग

बढ़ता राजस्थान




**निम्बाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** धाकड़ समाज के आराध्य देव भगवान धरणीधर बलराम का जन्मोत्सव 13 अगस्त को निंबाहेड़ा में भव्य शोभायात्रा के साथ मनाया गया जिसमें 101 गांव की प्रभात फेरिया, ढोल नगाड़े, कारो तथा आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा संपन्न हुई ।धाकड़ छात्रावास निंबाहेड़ा के मीडिया प्रभारी सागरमल धाकड़ ने बताया कि निंबाहेड़ा में पहली बार धाकड़ समाज के आराध्य देव भगवान बलराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। निंबाहेड़ा नगर में जगह जगह सभी समुदाय द्वारा स्वागत किया गया । मंडी चौराहा पर समाज के पदाधिकारी द्वारा जेसीबी से पुष्प वर्षा की गई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसीराम धाकड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष धाकड़ महासभा ने अपने उद्बोधन में कहां की निम्बाहेडा़ क्षेत्र में धाकड़ समाज की संख्या काफी है तथा निम्बाहेडा़ क्षेत्र धाकड़ बाहुल्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र से कांग्रेस तथा भाजपा से धाकड़ समाज को नेतृत्व करने के लिए विधायक का टिकट भी मिलना चाहिए। महिला इकाई की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलता धाकड़ ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए कहा कि महिलाएं भी अब हर कार्य क्षेत्र में धीरे-धीरे गंदा से कंधा मिलाकर भागीदारी निभाने लगी है।

इस भव्य शोभायात्रा में लगभग निंबाहेड़ा जावद नीमच छोटी साड़ी बड़ी सादड़ी चित्तौड़गढ़ प्रतापगढ़ तथा उदयपुर जिले के सैकड़ो की तादात में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे। इस अवसर पर तुलसीराम धाकड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीयधाकड़ महासभा, संजय धाकड़ राष्ट्रीय महामंत्री धाकड़ युवा संघ, समंदर पटेल राष्ट्रीय संगठन महामंत्री धाकड़ युवा संघ, हेमलता धाकड़ पूर्व राष्ट्रीय महिला इकाई अध्यक्ष, संजय कुमार नांदेडा़ राष्ट्रीय अध्यक्ष धाकड़ युवा संघ, राधा किशन धाकड़ प्रदेश अध्यक्ष धाकड़ महासभा, नीलम धाकड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इकाई, रामलाल धाकड़ जिला अध्यक्ष धाकड़ महासभा प्रतापगढ़,विनोद धाकड़ राष्ट्रीय महामंत्री, कृष्णा मंडलोई राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इकाई, गोपाल धाकड़ कनेरा ,सुरेश धाकड़ बागेंडा घाटा,किशन मैस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धाकड़ महासभा, भेरूलाल धाकड़ बागेडा़ घाटा, अशोक धाकड़ प्रदेश उपाध्यक्ष धाकड़ युवा संघ, शिवनारायण धाकड़ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धाकड़ महासभा युवा संघ, दशरथ धाकड़ भटृकोठडी़, सुनील धाकड़ कोचवा, समरथ धाकड़ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धाकड़ महासभा युवा संघ , किशन धाकड़ अध्यापक कनेरा, चंद्रकला धाकड़ पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष नयागांव, तारावती धाकड़ महिला इकाई पूर्व जिला अध्यक्ष चित्तौड़गढ़, हरीश धाकड़ नगर परिषद नयागांव उपाध्यक्ष, शौकीन धाकड़ सरपंच गाजन देवी, संतोष धाकड़ देलवास, शंभू लाल धाकड़ अरनिया जोशी, मुकेश धाकड़ अरनिया जोशी, तथा सैकड़ो की तादात में समाज जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सागरमल धाकड़ मीडिया प्रभारी धाकड़ छात्रावास निंबाहेड़ा ने किया।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** जिले में इस बार स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। मुख्य जिला स्तर समारोह की तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू पुलिस लाइन मैदान पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। सुबह रिहर्सल के दौरान कलेक्टर ने परेड की सलामी ली। इसके बाद अंतिम रिहर्सल में समारोह में शामिल सभी गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर ने आवश्यक सुधारों और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। मुख्य समारोह में पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट एवं गाइड की टुकड़ियां भाग लेंगी। कलेक्टर ने माइक सिस्टम, अतिथियों और स्वतंत्रता सेनानियों के लिए बैठक व्यवस्था, टेंट, छाया, पीने के पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्कूली छात्र-छात्राओं ने सामूहिक व्यायाम और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया। कलेक्टर ने इन कार्यक्रमों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया और आयोजकों को अंतिम तैयारियों को और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर एडीएम प्रशासन ओ.पी. मेहरा, एडीएम शहर प्रतिभा देवटिया, यूआईटी सचिव ललित गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नशा मुक्त भारत के लिए समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** सोशल वेलफेयर सोसायटी और राजस्थान पेंशनर समाज के संयुक्त तत्वावधान में पेंशनर्स भवन में नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. प्रियंक जैन, न्यूरोसाइकेट्रिस्ट और नशा रोग विशेषज्ञ, ने नशे के प्रकार, इसके शरीर, परिवार और समाज पर दुष्प्रभाव, रोग के लक्षण, उपचार और पुनर्वास प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति का स्वास्थ्य बिगाड़ता है, आर्थिक स्थिति कमजोर करता है और परिवार में अशांति लाता है। युवाओं को तंबाकू, शराब, गांजा, चरस जैसी आदतों से बचाकर शिक्षा, व्यायाम और सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करना आवश्यक है।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के को-चेयरमैन सुरेश चंद्र श्रीमाली ने कहा कि नशे के व्यापार के खिलाफ सख्त कानून हैं और नशा मुक्त भारत के लिए समाज को जागरूक होकर सक्रिय भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान किया गया, नशामुक्ति पोस्टर का विमोचन किया गया और सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। सेमिनार में कई सामाजिक कार्यकर्ता, पदाधिकारी और युवा शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. फरियाद मोहम्मद ने किया और धन्यवाद ज्ञापन भूपेंद्र दत्ता ने प्रस्तुत किया।

## 22 अगस्त को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** जिले में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और किशोर-किशोरियों को आंतों के कृमि संक्रमण से बचाने और उनके शारीरिक, मानसिक तथा बौद्धिक विकास को सुदृढ़ बनाने के लिए 22 अगस्त (शुक्रवार) को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजित किया जाएगा। जो बच्चे इस दिन दवा नहीं ले पाएंगे, उन्हें 29 अगस्त (शुक्रवार) को मॉप-अप दिवस के तहत दवा दी जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने बताया कि मिट्टी जनित कृमि संक्रमण बच्चों के विकास, हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण और सीखने की क्षमता पर नकारात्मक असर डालता है। समय-समय पर कृमिनाशक दवा का सेवन न केवल आंतों के कृमियों को समाप्त करता है, बल्कि संक्रमण के फैलाव को भी रोकता है। इससे बच्चों की भूख, ऊर्जा, एकाग्रता और प्रतिरक्षा क्षमता में सुधार होता है।

जिले के सरकारी और निजी विद्यालयों, उच्च व तकनीकी शिक्षण संस्थानों, मदरसों, आंगनबाड़ी केंद्रों सहित ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के पंजीकृत एवं अपंजीकृत सभी बच्चों को एलबेंडाजोल 400 एमजी की निर्धारित खुराक दी जाएगी। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली चम्मच से चूर कर, 2 से 3 वर्ष के बच्चों को पूरी गोली चूर कर, और 3 से 19 वर्ष के बच्चों को पूरी गोली चबाकर पानी के साथ दी जाएगी।

अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने बताया कि इस अभियान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और शिक्षा विभाग संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। प्रशिक्षित शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा सहयोगिनियां दवा का सुरक्षित वितरण सुनिश्चित करेंगी।

दवा देने से पूर्व हाथ धोना, स्वच्छ बर्तन का उपयोग और स्वच्छ पानी की उपलब्धता अनिवार्य होगी।

## अखंड भारत संकल्प दिवस और स्थापना दिवस की तैयारियों पर बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी की चित्तौड़गढ़ इकाई ने आगामी 'अखंड भारत संकल्प दिवस' और 'स्थापना दिवस' की तैयारियों पर चर्चा के लिए महावीर व्यायामशाला में बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता प्रांत गोरक्षा सह प्रमुख मनोज सोनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विभाग मंत्री विश्वनाथ टांक, बजरंग दल विभाग संयोजक योगेश दशोरा और जिला संयोजक मनोज साहू उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य 19 अगस्त को चित्तौड़ नगर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना था। निर्णय लिया गया कि ये कार्यक्रम पूरे जिले के सभी प्रखंडों और ग्राम समितियों में भी आयोजित किए जाएंगे। नगर मंत्री अभिनंदन काबरा ने बताया कि बैठक



में विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया और कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्य विभाजन किया गया। इस अवसर पर जिला सुरक्षा प्रमुख गोपाल छिपा, सह प्रमुख सागर व्यास, आशीष वैष्णव, अशोक चौहान, बबलेश शर्मा, जिला मिलन केंद्र सह प्रमुख हीरालाल भोई, जिला सह व्यायामशाला प्रमुख प्रकाश चौधरी, जिला गोरक्षा सह प्रमुख अशोक भोई, चंदेरिया खंड अध्यक्ष बलराम मूंदड़ा, ब्रजेश राठौड़, नगर उपाध्यक्ष विजय जागेटिया, नगर संपर्क प्रमुख प्रेम लड्ढा, नगर सह मंत्री सुमित हेडा, नगर सत्संग प्रमुख महावीर किर, नगर संयोजक पंकज जीनगर, सह संयोजक अमित मीणा, नगर सुरक्षा प्रमुख दिलीप जोशी, नगर गौ रक्षा प्रमुख दीपक वर्मा, अंकुर भाटी, विनोद पटवा, आकाश जैन और महेंद्र भोई सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी कार्यक्रमों में चित्तौड़वासियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील भी की गई।

## हनुमान चालीसा पाठ के साथ धीरज गुर्जर का जन्मदिवस मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर के जन्मदिवस को पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा धार्मिक सेवा सप्ताह के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता शंकरलाल प्रजापत की अगुवाई में नगर के चित्तौड़ मार्ग स्थित बालाजी मंदिर प्रांगण में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।पाठ के दौरान पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर के उज्जवल भविष्य और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीनारायण व्यास, रमेश गर्ग और किशन प्रजापत भी उपस्थित रहे।

## चौमहला दंपति ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए किया देहदान का संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (आबिद हुसैन)।** जिले के चौमहला निवासी शिवनारायण शर्मा (65 वर्ष) और उनकी पत्नी मंजूबाई ने मानवता की सेवा में अनूठी मिसाल कायम करते हुए देहदान का संकल्प लिया। दंपति ने स्वेच्छा से देहदान का फार्म भरकर शरीर रचना विज्ञान विभाग, मेडिकल कॉलेज, झालावाड़ में जमा कराया।

चिकित्सकों की टीम ने उन्हें देहदान का कार्ड प्रदान किया और इस अवसर पर कहा कि उनकी सहज मानवीय संवेदना और कल्याणकारी भावना मानव समाज के लिए हमेशा मार्गदर्शन का स्रोत बनी रहेगी। इस पहल से चौमहला में मानवता और सामाजिक जागरूकता का एक नया उदाहरण स्थापित हुआ।

## राजकीय विद्यालय पांडोली स्टेशन के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया




बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पांडोली स्टेशन के विद्यार्थियों ने बुधवार को ग्राम क्षेत्र के मुख्य मार्गों से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। उपसरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण खंडेलवाल ने बताया कि विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों और जयकारों के साथ यह यात्रा संपन्न की। तिरंगा यात्रा स्थानीय विद्यालय से प्रारंभ होकर सदर बाजार, चारभुजा मंदिर, सेसमा मंदिर, भेरूनाथ मंदिर, बस स्टैंड, गाडरी मोहल्ला, माली मोहल्ला और खटीक मोहल्ला से होते हुए पुनः विद्यालय में समाप्त हुई। इस अवसर पर उपसरपंच प्रेम देवी खंडेलवाल, प्रधानाचार्य जगदीशचंद्र सुथार, व्याख्याता शांतिलाल शर्मा, शिक्षक नथोलीराम और अन्य शिक्षकगण तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल चौमहला ने निकाली तिरंगा यात्रा, शहीदों को याद कर किया नमन

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (आबिद हुसैन)।** जिले के चौमहला नगर में भाजपा मंडल द्वारा विभाजन विभीषिका दिवस और हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा आयोजित की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक कालूराम वर्मा मुख्य अतिथि थे। तिरंगा यात्रा की शुरुआत नगर के श्री राधा कृष्ण मंदिर से हुई। भाजपा मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर पैदल और बाइक रैली के रूप में भारत माता के जयघोष के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। यात्रा का समापन पुनः श्री राधा कृष्ण मंदिर में हुआ।



इस अवसर पर विधायक वर्मा ने शहीद जवानों को याद किया और देश की सेना के शौर्य एवं साहस को नमन किया। मंडल संयोजक अरविंद अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से शहीदों को नमन करने, घर-घर तिरंगा लगाने और विभाजन विभीषिका दिवस के महत्व को समझने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष अशोक गायरी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। तिरंगा यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक गायरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष गौतम जैन, उन्हेल मंडल अध्यक्ष हेमराज सिंह, भाजपा नेता करण सिंह, जगदीश भावसार, देवीसिंह, वासुदेव विश्वकर्मा, विजय सिंह, शिव राठौर, राजेश जैन, दानूसिंह, दिलीप मोरी, आदित्य, राजेंद्र नीमा, किशोर सिंह, तेजसिंह विश्नीया और अमित पोरवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नैनवां हाउसिंग बोर्ड में दिन दहाड़े दो बकरिया चोरी

### कार में डाली बकरिया,मौके से हुए फरार, नम्बर प्लेट भी गलत मिली



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** नैनवां हाउसिंग बोर्ड कोलोनी में बुधवार को दिन दहाडे सफेद कार में दो बकरियों को चोरी करके कार चालक फरार हो गया। हाउसिंग बोर्ड़ में लगे सीसीटीवी कैमरे में सफेद कार के नम्बर भी फूटेज में कैद हो गये। पुलिस को लगा की अब चोरी पुलिस की गिरफ्त से दूर नहीं है। लेकिन कार के नम्बरो से जानकारी ली गई तो कार की नेम प्लेट ही गलत मिली। जिस गाड़ी की नम्बर प्लेट लगी हुई थी वह गाड़ी तो अजमेर में खड़ी है। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि अजमेर में खड़ी कार की नेम प्लेट की कॉपी करके चोरो ने अपनी गाड़ी में लगवाया गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज करके जॉच शुरू कर दी है। हाउसिंग बोर्ड कोलोनी की निवासी चंद्रकला ढोली ने पुलिस को दी गई रिर्पोट में बताया कि वह मुल रूप से खानपुरा की रहने वाली है। वर्तमान मे हाउसिंग बोर्ड कोलोनी मे रहकर बकरी पालन करके परिवार का जीवन यापन करती है ।बुधवार दोपहर बाद सवा चार बजे वह बकरियों को दाना खिला रही थी। थोडी देर के लिए घर के अंदर गयी। उस समय एक कार मे दो युवकों आये उन्होने दो बकरियों को पकड़ कर कार डाला कर मौके से फरार हो गये। उसने शोर भी मचाया तब तक कार दुर निकल गयी। दूसरी ओर हाउसिंग बोर्ड विकास समिति का कहना है कि आज तो यह चोर गाड़ी में हमारी बकरियों को चुरा कर ले जा रहे हैं। कल यह कर हमारे बच्चों को भी उठा कर ले जा सकते हैं ।इससे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वासियों में दहशत का माहौल है। इससे पूर्व भी हुई चोरियों का अभी तक पुलिस ने खुलासा नहीं किया है जिसे भी लोग डरे हुए हैं।

## महाकाल की नगरी से भगवान देवनारायण जी के जन्मस्थल तक जल कलश यात्रा का भव्य स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** मध्य प्रदेश के उज्जैन महाकाल से चलकर राजस्थान पहुंची धार्मिक जल कलश यात्रा का भंडारिया हाईवे स्थित श्री भैरव जी मंदिर पर भव्य स्वागत किया गया। पूज्य श्री विनोद चंद्र यति गुरुदेव के सानिध्य में गणमान्यजन, मध्यप्रदेश शासन देव नारायण बोर्ड के अध्यक्ष रघुवीर पटेल और यात्रा संयोजक लाखनसिंह लोहागढ़ सहित पदयात्रियों ने जल यात्रा का अभिनंदन किया। यात्रा संयोजक लाखनसिंह लोहागढ़ ने बताया कि यह यात्रा 16 अगस्त को विश्व विख्यात भगवान देवनारायण जी की जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी, आसींद पहुंचेगी। यहाँ मां शिप्रा, मां नर्मदा और माता साडू की बावड़ी के पवित्र जल से भगवान देवनारायण जी का जलाभिषेक किया जाएगा। मध्य प्रदेश शासन के देवस्थान बोर्ड के अध्यक्ष रघुवीर पटेल ने पूज्य गुरुदेव विनोद चंद्र यति से आशीर्वाद प्राप्त कर देश में खुशहाली की कामना की। लोहागढ़ ने बताया कि यह यात्रा गत वर्ष से महाकाल की नगरी से भगवान देवनारायण जी की जन्मस्थली तक प्रतिवर्ष आयोजित की जा रही है और हर बार जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाता है।

उन्होंने कहा कि इस पवित्र जल कलश यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म का जयकारा फैलाना और हर घर में भगवान देवनारायण जी की कृपा सुनिश्चित करना है।७

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# राजस्थान सरकार का छात्रसंघ चुनाव कराने से इनकार...

## हाईकोर्ट में जवाब पेश; राजस्थान यूनिवर्सिटी की वीसी ने कहा- चुनाव में डर का माहौल रहता है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राज्य सरकार ने प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव कराने से मना कर दिया है। सरकार ने हाईकोर्ट में जवाब पेश किया। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने का हवाला देकर चुनाव करवा पाना असंभव बताया। सरकार ने लिंगदोह कमेटी की सिफारिश का हवाला देते हुए कहा- सत्र शुरू होने के 8 सप्ताह में चुनाव करवाए जाने चाहिए। फिलहाल यह भी संभव नहीं दिख रहा है। जवाब में 9 यूनिवर्सिटी के कुलगुरुओं की सिफारिश भी शामिल की गई है। इसमें कुलगुरुओं ने शैक्षणिक सत्र, कक्षाओं के कार्यक्रम का हवाला देते हुए चुनाव नहीं कराने की राय दी है।

### चुनाव में भय का माहौल रहता है

राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर की कुलगुरु प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने अपनी सिफारिश में कहा- विश्वविद्यालय में यूजी-पीजी के प्रवेश हो चुके हैं। सेमेस्टर प्रणाली के तहत मिड टर्म परीक्षा सितंबर में मुख्य परीक्षा नवंबर में शुरू होगी। उन्होंने कहा- साल 2023-24 में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के कारण ही छात्रसंघ चुनाव नहीं करवाए गए। चुनाव में छात्रों का वोटर टर्नआउट भी 25 से 30 प्रतिशत से भी कम होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुचारू संरक्षण के लिए चुनाव पर बैन रहना चाहिए। चुनाव होने से परीक्षा परिणाम में देरी होती है। इससे कारण राज्य के विद्यार्थी अन्य राज्यों में प्रवेश और प्रतियोगी परीक्षाओं से वंचित हो जाते हैं। उनका भविष्य में अध्ययन करने का अवसर समाप्त हो जाता है।

### छात्रसंघ चुनाव स्थगित रखना उपयुक्त

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलगुरु प्रोफेसर मनोज दीक्षित ने अपनी सिफारिश में कहा- विश्वविद्यालय में अभी यूजी-पीजी में प्रवेश अभी चल रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के बाद छात्रसंघ चुनाव कराना संभव नहीं है। उन्होंने कहा- शैक्षणिक माहौल के लिए सभी विश्वविद्यालयों के लिए अम्ब्रेला नीति विकसित करनी होगी। यूपी में मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट बनाया गया था। इसी तर्ज पर राजस्थान में भी बनाया जाना चाहिए। शिक्षा नीति सही तरीके से लागू करने के लिए गंभीरता से काम होना चाहिए।




### तीन-चार साल चुनाव स्थगित रहने चाहिए

महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय भरतपुर के कार्यवाहक कुलगुरु प्रोफेसर त्रिभुवन शर्मा ने अपनी सिफारिश में कहा- विश्वविद्यालय में सत्र विलंब से चल रहा है। परीक्षा परिणाम आना बाकी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन का कार्य चल रहा है। इसलिए तीन-चार साल के लिए छात्र संघ चुनाव स्थगित रहने चाहिए।

### राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्र ने दायर की थी याचिका

छात्रसंघ चुनाव न कराने के खिलाफ राजस्थान यूनिवर्सिटी एमए प्रथम वर्ष के छात्र जय राव ने 24 जुलाई को याचिका दायर की थी। याचिका में बताया गया कि छात्र प्रतिनिधि चुनना छात्रों का मौलिक अधिकार है, लेकिन सरकार तीन सत्रों से चुनाव नहीं करवा रही है। इसको लेकर हाईकोर्ट ने 29 जुलाई को सुनवाई कर सरकार से जवाब मांगा था।

## रोहतक में तिरंगा यात्रा में एक किलोमीटर पैदल चले स्टूडेंट

### केंद्रीय मंत्री गाड़ी में सवार, नेता भी गाड़ियों में निकले

बढ़ता राजस्थान

**रोहतक (एजेंसी)।** रोहतक में एमडीयू क्रिकेट स्टेडियम से लेकर जाट कॉलेज तक तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किया। करीब एक किलोमीटर की यात्रा के दौरान विभिन्न कॉलेजों से आए स्टूडेंट पैदल चलते दिखाई दिए, जबकि मंत्री व नेता गाड़ियों में सवार होकर शामिल हुए। क्रिकेट स्टेडियम से तिरंगा यात्रा शुरू हुई, जिसमें कॉलेजों के स्टूडेंट अपने प्रोफेसरों के साथ पैदल चले। हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय का जयघोष करते हुए जाट कॉलेज तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान दिल्ली बाईपास से रूट को डायवर्ट किया गया। जाट कॉलेज तक एक रोड को बंद करवाया गया।

### करीब 5 हजार स्टूडेंट हुए शामिल

तिरंगा यात्रा के दौरान करीब 5 हजार स्टूडेंट शामिल हुए, जिनके लिए पानी की व्यवस्था भी नहीं देखने को मिली। स्टेडियम में काफी देर तक स्टूडेंट बैठे रहे, उसके बाद पैदल ही उन्हें तिरंगा यात्रा में शामिल किया गया। उनके लिए रास्ते में पानी की कोई व्यवस्था नजर नहीं आई।

## कॉन्स्टिट्यूशन क्लब चुनाव, राजीव प्रताप रूडी जीते

### भाजपा के ही संजीव बालियान से टक्कर थी; यह सांसदों और पूर्व सांसदों का संगठन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली में कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के सेक्रेटरी (एडमिनिस्ट्रेशन) पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी को जीत मिली है। यह पूर्व और वर्तमान सांसदों का एक मंच है। इस दौरान चुनाव में गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी ने वोट डाला। चुनाव इसलिए भी काफी दिलचस्प था क्योंकि पद के लिए भाजपा के ही दो बड़े नेता आमने-सामने थे। मौजूदा सेक्रेटरी (एडमिनिस्ट्रेशन) राजीव प्रताप रूडी 25 साल से पद पर कायम हैं। वे पांच बार से लोकसभा सांसद हैं। उन्हें पूर्व मंत्री और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा का चेहरा संजीव बालियान ने चुनौती दी थी। बालियान दो बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं। देर रात आए चुनाव नतीजों में रूडी को 100 वोट से जीत मिली। 1200 से ज्यादा वोटर, 707 वोट पड़े अधिकारियों ने बताया कि कुल 1295 मौजूदा और पूर्व सांसदों में से 707 ने वोट डाले। इनमें 38 वोट बैलट थे। यह क्लब पदाधिकारियों के चुनाव में अब तक की सबसे ज्यादा वोटिंग में से एक है। लोकसभा स्पीकर क्लब के पदेन अध्यक्ष होते हैं, लेकिन सेक्रेटरी क्लब के कार्यकारी कामकाज में एक बहुत अहम भूमिका निभाते हैं।

## विपक्ष भी उपराष्ट्रपति उम्मीदवार उतारेगा, 18 अगस्त को मीटिंग

### खड़गे इंडिया ब्लॉक के नेताओं से बात कर रहे; चुनाव 9 सितंबर को

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी और उसी दिन मतगणना भी होगी। उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है।

दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक देश के 14वें उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

भाजपा की तरफ से थावरचंद गहलोत सबसे प्रबल दावेदार इस बीच, भाजपा इस पद के लिए अपनी विचारधारा के प्रति समर्पित कार्यकर्ता को उम्मीदवार बना सकती है। फिलहाल जिन नामों पर पार्टी में विचार चल रहा है, उनमें कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। अन्य नाम सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर का भी है।

## पटवारी भर्ती के लिए 5-दिन फ्री सफर कर सकेंगे अभ्यर्थी

### रोडवेज बसों में 15 से 19 अगस्त तक मिलेगी छूट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पटवारी सीधी भर्ती प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी राजस्थान रोडवेज की बसों में फ्री यात्रा कर सकेंगे। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ने 17 अगस्त को होने वाली परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए निशुल्क यात्रा की सुविधा दी है। अभ्यर्थियों के लिए यह सुविधा परीक्षा से 5 दिन तक उपलब्ध रहेगी। यानी 15 अगस्त रात 12 बजे से 19 अगस्त रात 11:59 बजे तक यात्रा कर सकेंगे। राजस्थान रोडवेज की साधारण और एक्सप्रेस बसों में यह सुविधा मिलेगी।

### ऑनलाइन रिजर्वेशन की सुविधा भी

आरएसआरटीसी की अध्यक्ष शुभ्रा सिंह ने बताया- ज्यादा यात्री भार को देखते हुए रोडवेज ने अतिरिक्त बस चलाने का निर्णय किया है। ये बसें विभिन्न डिपो से संचालित होंगी। इनका संचालन परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तय किया जाएगा। उन्होंने बताया- रोडवेज ने अतिरिक्त बसों में परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन आरक्षण की सुविधा भी शुरू की है। सभी जोनल मैनेजरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अधीनस्थ डिपो के साथ समन्वय बनाकर परीक्षा के दिन और उससे जुड़े दिनों में पर्याप्त बसें और स्टाफ उपलब्ध कराएं।

## राजस्थान में आज से एक्टिव होगा मानसून

### भरतपुर, कोटा संभाग में तीन दिन का येलो अलर्ट, उदयपुर संभाग में 15-16 अगस्त को तेज बारिश की संभावना

**जयपुर।** राजस्थान में मानसून के गुरुवार (14 अगस्त) से फिर एक्टिव होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम और पूर्वी हवाओं के एक्टिव होने से प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होगा। मौसम केन्द्र जयपुर ने 14 से 16 अगस्त तक भरतपुर, कोटा, उदयपुर, जयपुर, अजमेर संभाग के जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के सभी शहरों में मौसम ड्राय रहा। जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, श्रीगंगानगर, बीकानेर, सीकर समेत कई जिलों में दिन में हल्की धूप निकली। इन शहरों में मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 33 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। कल सबसे ज्यादा तापमान श्रीगंगानगर में 36.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बीकानेर, फलोदी में अधिकतम तापमान 36-36, चूरू में 35, बाड़मेर में 35.8, जैसलमेर में 35.7, चित्तौड़गढ़ में 35, कोटा में 34.4, सीकर में 34.5, जयपुर में 35.4, अलवर में 34, जोधपुर में 34.6, हनुमानगढ़ में 34.8, जालौर में 34.1, करौली में 34.5, दौसा में 35 और अजमेर में 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## भाजपा का दावा-सोनिया भारतीय नागरिक बनने से पहले वोटर बनीं

### अनुराग ठाकुर बोले- रायबरेली में एक पते पर 47 वोटर्स, राहुल को ये कभी नहीं दिखे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी में आरोपों के बीच भाजपा की आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने बुधवार को दावा किया कि सोनिया गांधी का नाम भारत की वोटर लिस्ट में दो बार तब शामिल हुआ, जब वह भारतीय नागरिक भी नहीं थीं। वहीं, बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि रायबरेली में एक ही घर पर 47 वोटर्स कैसे रजिस्टर किए गए हैं, राहुल और सोनिया को कभी ये नाम नहीं दिखे। उन्होंने कहा,

राहुल दो बार चुनाव लड़े, प्रियंका एक बार चुनाव लड़ीं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वायनाड में कैसे नए वोटर्स की एडिशन हुई है। आपने तो तीन बार वोट ले लिया। क्या आपने यह कभी नहीं देखा। यह कैसे हुआ? भाजपा ने यह दावा उस समय किया है, जब राहुल चुनाव आयोग और भाजपा



पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और वोट चोरी का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस लगातार दावा कर रही है कि ईसी ने भाजपा को चुनाव जिताने में मदद की है और वोटर लिस्ट में कई फर्जी नाम जोड़े गए हैं।

**मालवीय बोले- सोनिया का 2 बार नाम जोड़ा गया-** मालवीय ने ट्वीटर पर लिखा, यह पूरा मामला चुनावी कानून के स्पष्ट उल्लंघन का उदाहरण है। शायद यही कारण है कि राहुल गांधी भी ऐसे मतदाताओं को वैध करने के पक्ष में रहते हैं, जो अयोग्य या अवैध हैं और स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का विरोध करते हैं।

## सीजेआई गवई बोले-आवारा कुत्तों के मामले में दोबारा विचार करेंगे

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- 8 हफ्तों में दिल्ली-एससीआर के आवारा कुत्तों को शेल्टर होम भेजें...



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई ने बुधवार को दिल्ली-एससीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों पर लगे प्रतिबंध पर फिर से विचार करने आश्वासन दिया। सीजेआई ने कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) की याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की।

एनजीओ की सचिव ननीता शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में मामले में सुनवाई के लिए जल्द तारीख तय करने की मांग की थी। सीजेआई ने जब मामले की सुनवाई पहले होने की बात कही तो, याचिकाकर्ता ने 2024 में जस्टिस जेके माहेश्वरी की बेंच के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि कुत्तों की बेहिसाब हत्या नहीं हो सकती।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को डॉग बाइट्स और रेबीज के मामलों को देखते हुए सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-एससीआर के आवासीय क्षेत्रों से हटाकर शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था। कोर्ट ने इस काम में बाधा डालने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

### कोर्ट रूम लाइव

**ननीता शर्मा (याचिकाकर्ता):** माई लॉर्ड, हमारी याचिका तुरंत लिस्ट होनी चाहिए। यह दिल्ली में आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण से जुड़ा मामला है।

**सीजेआई बीआर गवई:** इस पर तो दूसरी बेंच आदेश दे चुकी है।

**ननीता शर्मा :** यही समस्या है माई लॉर्ड। 11 अगस्त को जस्टिस पारदीवाला की बेंच ने कुत्तों को शेल्टर भेजने का आदेश दिया, जबकि मई 2024 में जस्टिस माहेश्वरी की बेंच ने कहा था कि अंधाधुंध हत्या नहीं हो सकती और दया दिखाना संवैधानिक मूल्य है।

**सीजेआई गवई:** समझ गया... मैं देखूंगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने खुद नोटिस लेते हुए 2 बार सुनवाई की

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के नगर निकायों को निर्देश दिया है कि आवारा कुत्तों को तुरंत पकड़कर नसबंदी करें और उन्हें स्थायी रूप से शेल्टर होम में रखें। इसके लिए 8 हफ्ते का समय दिया। कहा कि किसी भी तरह की रुकावट से कानूनी कार्रवाई हो सकती है। कोर्ट ने कुत्तों के हमले और रेबीज के खतरे से निपटने के लिए तुरंत कदम उठाने को कहा है। 28 जुलाई :सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों के हमलों के कारण रेबीज से होने वाली मौतों की घटनाओं पर खुद नोटिस लिया था। कोर्ट ने इसे बेहद चिंताजनक और डराने वाला बताया था। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा में सरकार के उस आंकड़े पर संज्ञान लिया, जिसमें बताया गया था कि 2024 में 37 लाख से ज्यादा डॉग बाइट्स के मामले आए। इसके अलावा 54 लोगों की मौत रेबीज से हुईं। ये जानकारी 22 जुलाई को पशुपालन राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने लोकसभा में दिल्ली में छह साल की बच्ची छवि शर्मा की मौत से जुड़े सवाल पर दी थी।

## आर्थिक-युद्ध में अमेरिका की भाषा बोले वो देशभक्त है क्या?

### बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष बोले- दुनिया भारत के ब्रह्मोस के लिए लाइन लगाए खड़ी है

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर (नि.स.)।** बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- जब देश संघर्ष में हो, जब देश पर कोई दूसरा देश संकट पैदा करें। उस समय कोई देश के नेतृत्व की आलोचना करें, उसको देशभक्त कहा जा सकता है क्या? आपके और पड़ोसी के बीच झगड़ा हो जाए। हमारा बेटा पड़ोसी की भाषा बोले तो वह इस घर का रखवाला है क्या? हमारे और अमेरिका के बीच आर्थिक युद्ध हो, उस समय अमेरिका की भाषा बोलता है वो देश का देशभक्त है क्या? विचार तो करना पड़ेगा। दरअसल, राठौड़ एक दिवसीय दौर पर बुधवार को बाड़मेर में थे। चौहटन उपखंड में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। फिर विभाजन विभीषिका स्मृति प्रोग्राम में पहुंचे। यहां उन्होंने मौजूद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने अमेरिका के भारत पर लगाए टैरिफ को आर्थिक युद्ध बताया।



### ब्रह्मोस के लिए दुनिया के कई देश लाइन में लगे

राठौड़ ने कहा- उस अमेरिका को पता है कि हिंदुस्तान शस्त्र खरीदने वाला नहीं है। भारत में ब्रह्मोस जैसे शस्त्र बनने तैयार हो गए। इसके लिए दुनिया में कई देश लाइन लगाकर खड़े है। हमको यह ब्रह्मोस दो। यह स्थिति पैदा कर दी है हिंदुस्तान ने। इसलिए चिंता करने की जरूरत नहीं है। अटल बिहारी वाजपेयी ने आर्थिक प्रतिबंधों की परवाह नहीं की, कुछ दिनों में दुनिया घुटने टेककर अटल जी के सामने आ गई थी। फिर आर्थिक प्रतिबंध अपने-आप हटा दिए गए थे। कुछ लोग भ्रम पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं।

## आरएएस की मैरिट 24वीं से 39वीं की, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

### सात की जगह 0 नंबर दिए; अपने बैच के 14 अफसरों से जूनियर हो गई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग के चार साल बाद आरएएस पदमा देवी की मैरिट कम करने पर हाईकोर्ट ने जवाब मांगा है। जस्टिस मनीष शर्मा की अदालत ने यह आदेश आरएएस पदमा देवी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता हिमांशु ठोलिया ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता ने आरएएस-2018 की भर्ती में मैरिट में 24वां स्थान प्राप्त किया था। आरपीएससी की ओर से नंबर कम होने के बाद उनकी रैंकिंग भी 24वीं से 39वीं हो गई। इसके लिए 4 साल बाद आरपीएससी ने उसे एक मई को नोटिस भेजकर कहा कि उसे उत्तर पुस्तिका में एक प्रश्न पर परीक्षक ने एक जगह जीरो और एक जगह सात अंक दिए हैं। जिसका वह स्पष्टीकरण पेश करें।

**आरएएस ने कहा- अंकों के मामले में वह जिम्मेदार नहीं-** इस मामले में प्रार्थिया ने कहा कि परीक्षक के अंकों के मामले में वह जिम्मेदार नहीं हैं। लेकिन आरपीएससी ने 10 जून को उसकी मैरिट बदलते हुए 24 से 39ए कर दी। जिससे वह अपने ही बैच के 14 आरएएस अफसरों से जूनियर हो गई जबकि प्रोबेशन पीरियड पूरा होने के बाद परमानेंट भी कर दिया गया है। अभी वह लाडनूं में एसडीएम के पद पर तैनात है। उन्होंने बताया कि हमने कोर्ट से कहा कि नियमानुसार अंकों की पुन गणना हो सकती है, लेकिन उत्तर पुस्तिका की पुन जांच नहीं की जा सकती हैं।

**13 जुलाई 2021 को घोषित हुआ था रिजल्ट-** आदेशानुसार आयोग ने आरएएस प्रतियोगी परीक्षा-2018 का अंतिम परिणाम 13 जुलाई 2021 को घोषित किया था। इस परिणाम में नॉन टीएसपी क्षेत्र की संयुक्त वरीयता सूची में मेरिट क्रमांक-24 पर रोल नंबर 810581 को सफल घोषित किया गया था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार